
वर्ष : 34 | अंक : 248 | मुंबई, शनिवार, 15 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित




| गठबंधन/ पार्टियाँ | जीत | आगे | कुल |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 196 | 6 | 202 |
| महागठबंधन | 33 | 2 | 35 |
| जनसुराज | 0 | 0 | 0 |
| अन्य | 5 | 1 | 6 |

# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




# एनडीए महागठबंधन को
# 202 वोल्ट का झटका


बिहार की राजनीति ने इस बार एक ऐसा मोड़ लिया है जिसकी गूंज आने वाले वर्षों तक देश भर के चुनावी परिदृश्य में सुनाई देगी। 243 में से 200 से अधिक सीटें जीतकर एनडीए ने न सिर्फ भारी जनादेश हासिल किया बल्कि नीतीश कुमार के लिए लगातार पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने का रास्ता भी साफ कर दिया। बिहार चुनाव में महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये देने की योजना नीतीश कुमार के लिए निर्णायक टर्नअराउंड फैक्टर बन गई, क्योंकि इससे महिला वोटरों का भरोसा उनके पक्ष में मजबूत हुआ और विपक्ष की रणनीति कमजोर पड़ गई। यह परिणाम जातिगत राजनीति की जकड़न को ढीला करने के साथ-साथ महिलाओं की निर्णायक भूमिका और 'कैश पॉलिटिक्स' के बदलते परिदृश्य का संदेश भी देता है। हालांकि इस चुनाव ने यह बहस भी तेज कर दी है कि क्या यह बदलाव सच में सामाजिक चेतना का परिणाम है या फिर सीधे खातों में डाले गए 10 हजार रुपये के प्रभाव का।

एजेंसी | पटना

नीतीश कुमार के सिर 10वीं बार बिहार का ताज सजेगा। उनके नेतृत्व में एनडीए को राज्य की जनता ने प्रचंड बहुमत सौंपा है। खबर लिखे जाने तक एनडीए 203 सीटों पर जीत चुकी है या बढ़त में है। विपक्ष के खाते में महज 34 सीटें गई हैं। बिहार के मुख्य विपक्षी दल राजद को 25, कांग्रेस को 6, भाकपा माले को 2, माकपा को 1 सीट मिली है। वहीं आईआईपी एक सीट पर बढ़त बनाए हुए है, जबकि भाकपा अपना खाता भी नहीं खोल सकी है। दोनों प्रमुख गठबंधनों से इतर एआईएमआईएम ने 2020 के अपने प्रदर्शन को दोहराते हुए फिर पांच सीटों पर जीत पाई है। जनसुराज का खाता भी नहीं खुल पाया है।

## बिहार में सबसे बड़ी पार्टी कौन?

वोट प्रतिशत की बात करें तो तेजस्वी की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (RJD) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। राजद को 23 फीसदी से अधिक वोट मिले हैं। 20 प्रतिशत वोट के साथ भाजपा दूसरे नंबर पर रही है। अब सीटों के लिहाज से बात करें तो भाजपा सबसे आगे है। इस परिणाम का एक चौंकाने वाला पहलू यह भी है कि मतदान प्रतिशत के मामले में जनसुराज का कहीं भी अता-पता नहीं है।



## कांग्रेस का क्या हुआ?

कांग्रेस का प्रदर्शन सबसे ज्यादा चौंकाने वाला रहा। वह महज चार सीटें जीतती नजर आ रही है। पिछली बार उसे 19 सीटें मिली थीं। राहुल गांधी का 'हाइड्रोजन बम' काम नहीं आया।




- 203 सीटों पर एनडीए का कब्जा
- 34 सीटें मिलीं इंडिया गठबंधन को
- 243 सीटों में से लगभग 84 फीसदी सीटें एनडीए की झोली में गईं
- 10वीं बार नीतीश कुमार के सिर सजेगा ताज
- नीतीश सरकार के 29 मंत्रियों में से 28 जीते
- भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी; पीएम मोदी बोले, बिहार की जनता ने गर्दा उड़ा दिया
- तेज प्रताप बोले- तेजस्वी फेल हो गए
- गायिका मैथिली ठाकुर पहले राजनीतिक टेस्ट में हुईं पास

## कौन दिग्गज जीता, कौन हारा

इस चुनाव में दो उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत कुल 29 मंत्री चुनाव लड़ रहे थे। साइंस टेक्नालॉजी मंत्री सुमित सिंह को हार का मुंह देखना पड़ा। शेष सभी 28 मंत्री चुनाव जीतने में सफल रहे। हरि नारायण सिंह 10वीं, बिजेंद्र प्रसाद यादव और प्रेम कुमार 9वीं बार जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। जीतने वाले प्रमुख चेहरों में विजय कुमार चौधरी, मंगल पांडेय, श्रवण कुमार, रेणु देवी, तारकिशोर प्रसाद, रामकृपाल यादव, श्याम रजक, मैथिली ठाकुर, नीतीश मिश्र शामिल हैं। वहीं पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा, जयप्रकाश यादव, ललित यादव, संतोष कुशवाहा, इस्माल मंसूरी, पूर्व विस अध्यक्ष अवध विहारी चौधरी और उदय नारायण चौधरी, पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव, समीर महासेठ, मुन्ना शुक्ला की पुत्री शिवानी शुक्ला, भोजपुर अभिनेता व गायक खेसारी लाल यादव को हार का सामना करना पड़ा है।

## पीएम मोदी ने तय कर दिया अगला टारगेट



**नई दिल्ली।** बिहार में एनडीए को मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मंच पर आते ही 'छठी मैया की जय' के नारों के साथ अपना संबोधन शुरू किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को जीत की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भी भाजपा के रोडमैप का जिक्र किया। सात ही सीएम ममता बनर्जी पर निशान साधा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ममता बनर्जी को बड़ा संदेश देते हुए कहा कि बिहार की जनता ने बता दिया कि बिहार के बाद अब बंगाल की बारी है। उन्होंने कहा कि गंगा जी बिहार से बहकर बंगाल तक पहुंचती है, बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज उखाड़ फेंकेगी। जम्मू-कश्मीर और ओडिशा उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत पर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

## बिहार ने फिर विकास को चुना : फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को कहा कि बिहार की जनता ने पुनः एक बार विकास को चुना है। उन्होंने इस जीत के लिए भाजपा और राजग के समर्पित कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जनादेश से बिहार आगे भी सकारात्मक रूप से विकसित और समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार में यह प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व पर विश्वास, जनता के विश्वास की जीत है। यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के मार्गदर्शन, प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े के प्रयासों से ही यह सुनिश्चित हो सका है। उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा समेत राजग के प्रत्येक कार्यकर्ता के परिश्रम का परिणाम है।

## गठबंधनों का क्या हुआ?

परिणाम कई मायनों में दिलचस्प रहे हैं। कुल 243 सीटों में महागठबंधन का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। पांच साल पहले आए चुनाव परिणाम में 110 सीटें जीतने वाला महागठबंधन इस बार 30 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। दूसरी तरफ सत्ताधारी खेमा NDA इस बार 200 सीटों से अधिक जीतता दिख रहा है। चुनाव से पहले दो दशक से अधिक समय बाद कराए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) और वोट चोरी जैसे जुमलों का इस्तेमाल करने वाले विपक्षी खेमे को जितनी सीटें मिली हैं, इससे साफ है कि उसके उठाए मुद्दे बेअसर साबित हुए।

## भाजपा-जदयू का क्या हुआ?




दोनों दल 101-101 सीटों चुनावी मैदान में उतरे थे। 2020 में भाजपा 74 सीटों पर जीती थी। इस बार वह करीब 95 सीटें जीतती नजर आ रही है। यानी 20 से ज्यादा सीटों का फायदा। वहीं, जदयू को करीब 85 सीटें मिलती दिख रही हैं। उसे 40 से ज्यादा सीटों का फायदा हुआ है। 2020 में उसे 43 सीटें मिली थीं।

## चिराग और ओवैसी ने कैसे दिखाया दम?



खुद को प्रधानमंत्री का हनुमान बताने वाले चिराग पासवान ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। उनकी पार्टी लोजपा (रामविलास) के खाते में 29 सीटें आई थीं। हालांकि, पार्टी ने 27 सीटों पर चुनाव लड़ा। वह 19 सीटों पर जीतती नजर आ रही है, जबकि 2020 में उसने महज एक सीट जीती थी।

## राजद का प्रदर्शन कैसा रहा?

महागठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी राजद ही थी। तेजस्वी यादव ने आक्रामक प्रचार किया। सबसे ज्यादा रैलियां उन्हीं ने कीं। वे मुख्यमंत्री पद का चेहरा थे, लेकिन उनकी पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। राजद को करीब 27 सीटें मिलती नजर आ रही हैं। उसे 48 सीटों का नुकसान हुआ है। 2020 में उसे 75 सीटें मिली थीं।

## चुनावी पदार्पण में कहां दिखे प्रशांत किशोर?

प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने 200 से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे। इस चुनाव में यह इकलौती पार्टी थी, जिसने इतनी सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे। हालांकि, प्रशांत किशोर ने खुद चुनाव नहीं लड़ा। बीते तीन साल से अधिक समय से बिहार में सामाजिक-राजनीतिक रूप से सक्रिय रहे प्रशांत की पार्टी खाता नहीं खोल पाई। पीके उपनाम से चर्चित प्रशांत किशोर तमाम साक्षात्कारों में यह दावा करते दिखे कि उनके पास प्रत्याशियों की ऐसी फौज है, जो बिहार में नई इबारत लिखेगी। हालांकि, वे खुद इस बात को भी रेखांकित करते थे कि जनसुराज पार्टी या तो अर्श पर होगी या फर्श पर। तमाम बातों के बावजूद नतीजे इसलिए भी हैरान कर रहे हैं क्योंकि इस पार्टी को मिलने वाला मतदान प्रतिशत चुनाव आयोग की वेबसाइट पर आठ घंटे के बाद भी उपलब्ध नहीं दिखा।




## बाकी बड़े चेहरों का क्या हुआ?



इस चुनाव में कई बड़े सूरमा भी पस्त होते दिख रहे हैं। अपने राजनीतिक करियर में करीब तीन साल तक डिप्टी सीएम रहे तेजस्वी यादव भी रुझानों में कई घंटों तक पिछड़ते दिखे। इस बार वे महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद का चेहरा थे। इसके अलावा दरभंगा जिले की सीट अलीनगर से ताल ठोकने वाली सबसे युवा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर की निर्णायक बढ़त भी चर्चा में है। चुनावी हिंसा और बाहुबली परिवारों के बीच मुकाबले की वजह से मोकामा सीट सबसे ज्यादा चर्चा में थी। यहां से जदयू के अनंत सिंह जीत गए। परिवार से अलग होकर जनशक्ति जनता दल बनाने वाले लालू के बेटे तेज प्रताप यादव महुआ हार के करीब हैं।

## ब्रीफ न्यूज़

### महाराष्ट्र को मिलेंगे 2,655 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 2,655 करोड़ रुपए की मांग रखी, जिस पर खट्टर ने जल्द ही धनराशि देने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही बैठक का मुख्य फोकस महाराष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं और भविष्य की परियोजनाओं को लेकर केंद्र की सहायता सुनिश्चित करना था। बातचीत के दौरान मंत्री खट्टर ने 8,000 मेगावाट क्षमता वाली बैटरी भंडारण परियोजना के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) उपलब्ध कराने पर भी सकारात्मक रुख दिखाया।

### एयरफोर्स का PC-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट चेन्नई में क्रैश



**चेन्नई।** भारतीय वायुसेना का एक PC-7 पिलाटस बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट शनिवार को तमिलनाडु के ताम्बरम के पास रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान क्रैश हो गया। हादसे से पहले पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया। भारतीय वायुसेना ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं।

## महाराष्ट्र में ठंड की दस्तक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में इस हफ़्ते की शुरुआत से ही कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। उत्तर दिशा से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान तेजी से गिरा है। विदर्भ, उत्तरी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इन क्षेत्रों में ठंड का असर अगले कुछ दिनों तक और बना रहेगा। शुक्रवार को जलगांव में सबसे कम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि नासिक, अहिल्या नगर, बीड और गोंदिया में भी तापमान सामान्य से काफी कम रहा।

**जलगांव में सबसे कम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**



### दो हफ्तों तक रहेगा औसत से कम न्यूनतम तापमान

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले दो हफ्तों तक महाराष्ट्र और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान औसत से कम रहेगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड बढ़ सकती है। कई जगहों पर सुबह का न्यूनतम तापमान 14 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच है, जबकि दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है, जिससे सुबह ठंड और दोपहर में गर्मी का मिश्रित मौसम देखने को मिल रहा है। राज्य में सबसे अधिक तापमान रत्नागिरी में 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मुंबई में तापमान का बड़ा अंतर, सुबह ठंड और दोपहर में गर्मी

मुंबई में भी तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिला। कोलाबा स्टेशन पर शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री और अधिकतम 33.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सांताक्रूज में न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री और अधिकतम 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी, लेकिन फिलहाल राज्य में ठंड का प्रकोप जारी रहेगा।

## बच्चों से कराई जा रही थी बिजली चोरी, चार आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के ट्रॉम्बे क्षेत्र में बच्चों को हाई-टेंशन विद्युत उपकेंद्र में भेजकर बिजली चोरी कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा 10 से 15 वर्ष के नाबालिग बच्चों को जान जोखिम में डालकर अवैध कनेक्शन लगाने भेजा जाता था, जिसके बदले उन्हें मात्र 500 रुपये मिलते थे। मामला तब खुला, जब अदाणी बिजली कंपनी की टीम ने मानखुर्द शिवशाही सबस्टेशन में दो बच्चों को अवैध कनेक्शन लगाते हुए पकड़ लिया।



### 42 लाख की बिजली चोरी

बच्चों से पूछताछ में सामने आया कि मानखुर्द क्षेत्र का एक गैंग उन्हें बिजली चोरी के लिए भेजता था और अब तक 42 लाख रुपये की बिजली चोरी की जा चुकी थी। मानखुर्द शिवशाही सबस्टेशन, जो कई पूर्वी उपनगरों को बिजली सप्लाई करता है, लंबे समय से इस रैकेट की चपेट में था। पुलिस ने मामले में चार लोगों—शबाना श्याम वरनपुरे, मंजुला खंडांगले, साहिल और जुबीना—को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि गैंग द्वारा बच्चों का इस तरह दुरुपयोग बेहद गंभीर अपराध है।

## 6 राज्यों के 8 विधानसभा उपचुनाव के परिणाम घोषित

- राजस्थान में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले मीणा हारे, कांग्रेस जीती

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित हुए। कांग्रेस ने राजस्थान की अंता (बारां) सीट और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट जीतीं। SDM को थप्पड़ मारकर चर्चा में आए नरेश मीणा भी अंता सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी थे, जो तीसरे नंबर पर रहे। पहले अंता की सीट भाजपा और जुबली हिल्स सीट पूर्व सीएम केसीआर की पार्टी बीआरएस के पास थी। AAP पंजाब की तरनतारन सीट बचाने में कामयाब रही है। वहीं, झारखंड की घाटशिला सीट से पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे भाजपा प्रत्याशी हार गए। ओडिशा की नुआपाड़ा सीट से बीजेपी प्रत्याशी जीते।





## उपलब्धि | 6 और 11 नवंबर को दो बार फ्लाईबाई पूरा किया

# चांद की कक्षा में वापस लौटा चंद्रयान-3 मॉड्यूल, भेजा महत्वपूर्ण डाटा

- अक्तूबर, 2023 में ट्रांस अर्थ इंजेक्शन के जरिये पृथ्वी की कक्षा में था मौजूद
- कक्षीय बदलावों से मॉड्यूल 2025 में फिर से चंद्रमा की कक्षा में पहुंच गया

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने बताया कि चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल ने दो वर्षों बाद एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करते हुए चंद्रमा के पास दो सफल फ्लाईबाई घटनाओं को अंजाम दिया। 2023 में लैंडर और रोवर की सफल लैंडिंग के बाद मॉड्यूल चंद्र कक्षा में घूमता रहा और फिर अक्टूबर 2023 में इसे ट्रांस-अर्थ इंजेक्शन के जरिए पृथ्वी की उच्च कक्षा में भेजा गया था।



### दो फ्लाईबाई, नई वैज्ञानिक जानकारी

इसरो के अनुसार, 4 नवंबर 2025 को मॉड्यूल चंद्रमा के प्रभाव क्षेत्र में प्रवेश किया और 6 नवंबर को 3,740 किमी की दूरी से पहला फ्लाईबाई पूरा किया। हालांकि उस समय मॉड्यूल भारत के डीप स्पेस नेटवर्क के दायरे में नहीं था। दूसरा फ्लाईबाई 11 नवंबर को 4,537 किमी की दूरी से हुआ, जिसकी सटीक निगरानी संभव हो सकी।

### भविष्य के मिशनों को मिलेगी राह

फ्लाईबाई के दौरान इसरो के टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क ने मॉड्यूल की कक्षा और गति पर लगातार नजर रखी। इससे चंद्र कक्षीय नेविगेशन, अंतरिक्ष यान की स्थिरता और गहरे अंतरिक्ष अभियानों की वापसी रणनीतियों के बारे में महत्वपूर्ण डेटा मिला।

### क्या है फ्लाईबाई?

फ्लाईबाई एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अंतरिक्ष यान किसी ग्रह या खगोलीय पिंड के बेहद करीब से गुजरता है। इससे वह उस पिंड का वैज्ञानिक डेटा जुटा सकता है या उसके गुरुत्वाकर्षण का उपयोग कर अपनी गति व दिशा बदल सकता है। इसे गहरे अंतरिक्ष मिशनों में अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीक माना जाता है।

मुंबई आस-पास
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
DBD दो बजे दोपहर

न्यूज़ ब्रीफ

## एक गोदाम में 19 लाख रुपये के समान की चोरी

**भिवंडी।** भिवंडी के ग्रामीण इलाके में गोदामों में बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच काल्हेर गांव स्थित जेके वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स के एक गोदाम से प्लास्टिक शीट हटाकर भीतर घुसे अज्ञात चोरों ने जून 2025 से 4 नवंबर के बीच 18.94 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की शिकायत 13 नवंबर को नीलेश विष्णु कदम ने नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई, जिसके आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार ने जांच शुरू कर दी है।

## नेहरू जयंती के अवसर पर 'शिदोरी' के विशेषांक का प्रकाशन



**मुंबई।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के मुखपत्र 'शिदोरी' के विशेषांक का प्रकाशन प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, बालासाहेब थोरात तथा अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में किया गया।

## अजित पवार की राकांपा के सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त

**मुंबई/पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बड़ा उलटफेर करते हुए महागठबंधन को करारी हार का स्वाद चखाया है। इस चुनाव में राकांपा (अजित) अध्यक्ष अजित पवार ने भी 16 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था, लेकिन सभी उम्मीदवार अपनी जमानत बचाने में असफल रहे। राकांपा (अजित) को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा है लिहाजा उन्होंने बिहार चुनाव लड़ने का फैसला किया था। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बृजमोहन श्रीवास्तव ने बताया कि चूंकि बिहार में हमारा कैडर है, इसलिए हमने यह विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया था। श्रीवास्तव ने कहा कि भले ही हमें विधानसभा चुनाव में कामयाबी नहीं मिली लेकिन हम आगामी नगरपालिकाओं का चुनाव और तैयारी के साथ लड़ेंगे। अजित पवार की राकांपा ने इस चुनाव में कुल 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे थे। शुरुआती रुझानों में किसी भी उम्मीदवार को बढ़त तो दूर 500 वोट तक भी नहीं मिलते दिखाई दे रहे थे। लेकिन मतगणना समाप्त होने तक मनिहारी विधानसभा सीट से प्रत्याशी सैफ अली खान 4 हजार 26 वोट पाने में सफल रहे। जबकि पिपरा सीट ने अमित कुमार कुशवाहा ने 2 हजार 41 वोट हासिल किए।

# उल्हासनगर की राजनीति में सियासी भूचाल


### 24 घंटे में भाजपा के आठ दिग्गज दोस्ती गठबंधन में शामिल

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

उल्हासनगर की राजनीति में गुरुवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब पूर्व भाजपा नगरसेवक शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गए। इस घटनाक्रम के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि शुक्रवार को चार पूर्व दिग्गज भाजपा नगरसेवक और कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी शिंदे गुट में शामिल हो गए। दशकों से भाजपा की रीढ़ माने जाने वाले इन नेताओं के एक साथ पार्टी छोड़कर टीम ओमी कलानी के दोस्ती गठबंधन में शामिल होने से शहर की राजनीति अचानक गर्मा गई है। उल्हासनगर (पूर्व) कैंप क्रमांक-5 के पैनल-19 से भाजपा की पूर्व नगरसेविका मीना सोंडे, विजय पाटिल, रवि पाटिल और किशोर बनवारी गुरुवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, जिला प्रमुख गोपाल लांडगे और महाप्रमुख राजेंद्र चौधरी की उपस्थिति में दोबारा शिवसेना में शामिल हुए। इस घटना से भाजपा को एक बड़ा झटका लगा। लेकिन असली भूचाल शुक्रवार को आया, जब भाजपा के प्रभावशाली, अनुभवी और वर्षों से पार्टी की ताकत रहे नेता भी एक साथ पार्टी छोड़कर टीम ओमी कलानी में शामिल हो गए।

### मालाबार हिल में शक्ति प्रदर्शन जैसा माहौल

इन दिग्गज नेताओं का प्रवेश समारोह मुंबई के मालाबार हिल स्थित नंदनवन बंगले में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और उत्साह के बीच आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, टीम ओमी कलानी प्रमुख ओमी पप्पू कलानी, पंचम कलानी और उद्योगपति सुमित चक्रवर्ती विशेष रूप से मौजूद थे। सिंधी समाज की प्रमुख हस्तियों के एक मंच पर टीम ओमी कलानी का झंडा थामने से पूरे हॉल में उत्साह और जोश का माहौल बन गया।



### चुनाव से पहले भाजपा के सामने नई चुनौतियाँ

आठ पूर्व नगरसेवकों के दोस्ती गठबंधन में शामिल होने से भाजपा की स्थानीय राजनीतिक स्थिति कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी को अब कई पैनलों में नए उम्मीदवार खोजने में कठिनाई हो सकती है। वहीं चर्चा यह भी है कि भाजपा से नाराज़ कुछ और नगरसेवक और पदाधिकारी भी जल्द शिंदे गुट का रुख कर सकते हैं। चुनाव से ठीक पहले आए इस बड़े राजनीतिक भूचाल ने पूरे उल्हासनगर में नए सत्ता समीकरण के संकेत दे दिए हैं।

### भाजपा के दिग्गजों का टीम ओमी कलानी में प्रवेश

पूर्व जिला अध्यक्ष जमनू पुरसवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सिंधी साहित्य अकादमी महाराष्ट्र के अध्यक्ष महेश सुखरामानी, पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष प्रकाश मखीजा और राम (चार्ली) परवानी—ये सभी भाजपा के ऐसे चेहरे थे जिन्हें शहर में संगठन की रीढ़ माना जाता था। इन नेताओं ने एक ही दिन में पार्टी छोड़कर टीम ओमी कलानी के दोस्ती गठबंधन में शामिल होकर ऐसा कदम उठाया जिसे उल्हासनगर की राजनीतिक इतिहास में एक बड़ा मोड़ माना जाएगा।

# मनमाने पार्किंग पर यातायात पुलिस की लगाम

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में अनियंत्रित पार्किंग और बढ़ती यातायात भीड़ से परेशान नागरिकों को राहत देने के लिए यातायात विभाग ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर की प्रमुख सड़कों पर 'पार्किंग 1' और 'पार्किंग 2' जैसी व्यवस्थाओं के बावजूद कई वाहन चालक सड़कों पर मनमाने ढंग से वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे मुख्य मार्ग संकरे हो जाते हैं और जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है। स्थिति को गंभीर होते देख ठाणे यातायात शाखा ने पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाठ के मार्गदर्शन में विभिन्न मार्गों पर विशेष गश्ती दल तैनात किए हैं, जो अवैध पार्किंग करने वालों पर बिना किसी ढील के चालान कर रहे हैं।

### विशेष दल तैनात, सख्त चेतावनी जारी

यातायात पुलिस ने इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए अलग-अलग विशेष दल गठित किए हैं। यह कार्रवाई मुख्य चौराहों, व्यस्त सड़कों, बस स्टैंड और व्यावसायिक इलाकों में तेज़ी से चल रही है, और कई वाहनों पर अब तक कठोर दंडात्मक कदम उठाए जा चुके हैं। परिवहन विभाग ने नागरिकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि अनियमित पार्किंग शहर में जाम का मुख्य कारण है और नियमों का उल्लंघन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग का कहना है कि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए वाहन चालकों का नियमों का पालन करना अनिवार्य है। डीसीपी पंकज शिरसाठ ने कहा कि गलत पार्किंग की वजह से शहर में बार-बार यातायात जाम की स्थिति पैदा होती है, इसलिए नियम तोड़कर वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में अभियान और सख्त किया जाएगा, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुधार सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

# मां-बाप को घर आने से रोकने पर बेटे ने दायर की याचिका

### हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान समाज में गिरती नैतिकता और बदलते पारिवारिक मूल्यों पर गहरी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि आज के समय में बच्चे अपने माता-पिता की सेवा व देखभाल के बजाय उन्हें अदालतों के चक्कर कटवा रहे हैं, जबकि भारतीय संस्कृति में श्रवण कुमार जैसे उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने अपने माता-पिता की सेवा को सर्वोच्च मानते हुए प्राण न्यौछावर कर दिए। अदालत ने इसे चिंताजनक स्थिति बताते हुए स्पष्ट टिप्पणी की। सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की एकल पीठ ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक बेटे ने अपने वृद्ध माता-पिता को मुंबई स्थित अपने घर में आने से रोकने का आदेश मांगा था। यह मामला 2018 के एक आदेश से संबंधित था, जिसमें सिविल कोर्ट ने भी बेटे की मांग ठुकरा दी थी। हाईकोर्ट ने कहा कि यह दुःखद और चिंताजनक है कि एक बेटा अपने बीमार और उम्रदराज माता-पिता को संभालने के बजाय उन्हें अदालत का नोटिस भेज रहा है।

### 'श्रवण कुमार को भूलकर अदालत पहुंचा दिया माता-पिता को'



न्यायमूर्ति जैन ने सुनवाई के दौरान कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा सर्वोपरि मानी जाती है, लेकिन आज के दौर में हालात उलट दिखते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के संस्कारों में कहीं न कहीं गंभीर कमी आ गई है। अदालत ने कहा कि हम श्रवण कुमार को भूल चुके हैं, जिन्होंने अपने माता-पिता को तीर्थ के लिए कंधों पर उठाकर यात्रा की थी। जज ने इसे समाज की नैतिक गिरावट बताते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा केवल फर्ज ही नहीं, बल्कि धार्मिक और नैतिक कर्तव्य है।

### पारिवारिक मूल्यों पर अदालत का संदेश

अदालत ने यह भी कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना करते हैं, लेकिन कई बार वही बच्चे उनके अंतिम वर्षों में साथ नहीं निभा पाते। कोर्ट ने कहा कि दस बच्चे एक माता-पिता की सेवा नहीं कर पाते, जबकि माता-पिता दस बच्चों को पाल लेते हैं। हाईकोर्ट ने माता-पिता की सेवा को ईश्वर की सेवा के बराबर बताते हुए कहा कि परिवारिक बंधन कमजोर होना समाज के लिए चिंताजनक संकेत है।

# टीएमसी के जल विभाग में अभियंताओं के वेतन का अंतर मिटेगा: विधायक केलकर

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे नगर निगम के जल विभाग में वेतन संरचना को लेकर असमानता सामने आई है, जहां एकमुश्त वेतन पर कार्यरत इंजीनियरों को कनिष्ठ कर्मचारियों से कम पारिश्रमिक दिया जा रहा है। इस मुद्दे पर विधायक संजय केलकर ने गुरुवार को कहा कि अब मध्यस्थता के माध्यम से इस वेतन अंतर को दूर किया जाएगा। खोपट स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित लोकसेवकों के जनसंवाद कार्यक्रम में इंजीनियरों ने अपनी शिकायतें रखते हुए बताया कि उन्हें 20 हज़ार रुपए मिलते हैं, जबकि कनिष्ठ कर्मचारियों को इससे अधिक वेतन दिया जाता है। केलकर ने इसके पीछे ठेकेदारों के कुप्रबंधन को ज़िम्मेदार ठहराते हुए कहा कि अधिकारियों के साथ चर्चा कर इंजीनियरों को उनकी श्रेणी के अनुरूप वेतन दिलाया जाएगा।

### सफाई कर्मियों की मांगों पर होगी जल्द कार्रवाई




कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को भी उठाया गया। केलकर ने बताया कि इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ एक अलग बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के उत्तराधिकार से जुड़े सभी लंबित मामलों का निपटारा एक महीने के भीतर किया जाएगा और उन्हें सभी आवश्यक लाभ प्रदान किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि निगम कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी सेवाएं दे सकें। जनसंवाद कार्यक्रम में ठाणे शहर के बाहर कोंकण और अन्य जिलों के नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।

# केडी-स्विफ्ट प्रणाली का शुभारंभ

### सभी NOC अब एक ही विंडो पर उपलब्ध

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) ने शहर के तेज, पारदर्शी और नियोजित विकास के लिए KD-SWIFT (Single Windows Integrated Facilitation Tool) प्रणाली लॉन्च की। महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल ने बताया कि यह नई व्यवस्था नागरिकों और विकासकों के लिए बेहद सहायक साबित होगी, क्योंकि अब BUILDING PERMISSION MANAGEMENT SYSTEM (BPMS) से संबंधित सभी प्रकार के NOC — जैसे अग्निशमन, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, उद्यान, कर विभाग आदि — एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध होंगे। प्रणाली में रियल-टाइम ट्रैकिंग वाला डैशबोर्ड भी शामिल है, जिससे आवेदक अपने आवेदन की स्थिति घर बैठे देख सकेंगे।

### 28 दिनों में परमिट की सुविधा, QR-Code से दस्तावेजों की त्वरित पुष्टि



आयुक्त गोयल ने बताया कि KD-SWIFT के माध्यम से अब किसी भी आवेदन के लिए महापालिका कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी और विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्णय देना अनिवार्य रहेगा। हर जारी प्रमाणपत्र में QR-Code शामिल होगा जिससे दस्तावेजों की सत्यता तुरंत जांची जा सकेगी। आवेदन जमा होने के बाद आवश्यक परमिट 28 दिनों के भीतर मिलने की उम्मीद है। BPMS और SWIFT दोनों प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने वाली KDMC महाराष्ट्र की पहली महापालिका बन जाएगी। उन्होंने नागरिकों से इस नई प्रणाली का अधिकतम उपयोग कर प्रक्रिया को और सुगम बनाने का आग्रह किया।

# जनता ने जंगलराज नहीं, मंगलराज चुना: डॉ. श्रीकांत शिंदे

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

शिवसेना पार्टी के संसदीय दल के नेता डॉ. श्रीकांत शिंदे ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के अटूट भरोसे की पुष्टि बताया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने भ्रष्टाचार, अराजकता और कथित जंगलराज को खारिज कर 'मंगलराज' को चुना है। शिंदे ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर जाति एवं तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का एकल अंक में सिमटना राहुल गांधी की राजनीति की विफलता का स्पष्ट संकेत है। उनके अनुसार, कांग्रेस द्वारा उठाए गए जाति और सांप्रदायिक आधार वाले नैरेटिव को जनता ने पूरी तरह नकार दिया।

### विपक्ष पर चुनाव भटकाने का आरोप



शिंदे ने कहा कि गरीब, पिछड़े, महिलाओं, युवाओं, किसानों और मजदूरों सहित सभी वर्गों ने एनडीए के पक्ष में मजबूती से मतदान कर नीतीश कुमार के सुशासन और स्वच्छ छवि पर विश्वास जताया है। उनके अनुसार, बिहार की प्रचंड प्रो-इंकम्बेंसी लहर यह दर्शाती है कि देश स्थिरता, सुरक्षा और जवाबदेही की राजनीति चाहता है। शिंदे ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उसने चुनाव आयोग की साख को चोट पहुँचाने और चुनाव को SIR जैसे मुद्दों पर भटकाने की कोशिश की, जिसे जनता ने सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भविष्य एनडीए का है, और कांग्रेस अपने नेतृत्व, शासन क्षमता तथा विश्वसनीयता—तीनों में विफल साबित हुई है। अंत में उन्होंने बिहार की जनता को धन्यवाद दिया और नई एनडीए सरकार को शुभकामनाएँ दीं।

# तीन मोबाइल क्लीनिकों का लोकार्पण

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में मनपा के तीन मोबाइल क्लीनिकों का उद्घाटन शुक्रवार को सांसद नरेश म्हस्के और मनपा आयुक्त सौरभ राव ने किया। जनस्वास्थ्य विभाग, पीरामल हेल्थ और लैंडमार्क केयर्स के संयुक्त सहयोग से शुरू की गई ये मोबाइल इकाइयाँ विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले नागरिकों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेंगी। प्रत्येक मोबाइल यूनिट में एक डॉक्टर, नर्स, फार्मेसी अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक और ड्राइवर शामिल होंगे। क्लीनिक सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक शहर के विभिन्न विभागों में पहुंचकर उपचार प्रदान करेंगे।

### मुफ्त जांच, दवाइयाँ और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान भी चलेगा



मोबाइल क्लीनिकों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सर्दी-खांसी, बुखार, दस्त जैसे सामान्य रोगों का तुरंत निदान और नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। डॉक्टर आवश्यकता के अनुसार हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर की जांच भी करेंगे, जबकि निकट दृष्टि सुधार के लिए पढ़ने के चश्मे भी दिए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल के अनुसार, मोबाइल क्लीनिक गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक जागरूकता अभियान भी चलाएंगे।

# 23 किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बदलापुर के वालावली गांव के पास जाल बिछाकर टीवीएस जुपिटर दोपहिया वाहन से जा रहे तीन संदिग्धों को पकड़ा। पुलिस ने उनके पास से 23 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसका बाजार मूल्य करीब 9 लाख 53 हजार

### गोपनीय सूचना पर हुई कार्रवाई

पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र थोरवे को एक गोपनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति लगभग 10 लाख का गांजा लेकर वालावली गांव की तरफ आने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित की गई और संदिग्धों को पकड़ने की योजना तैयार की गई।



### गांजा, मोबाइल और वाहन जब्त

तलाशी के दौरान कपीश राजू नवले, एकनाथ दुर्गा नाइक और गणेश मोहन थोरात के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा, दोपहिया वाहन, मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान जब्त कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी यह गांजा कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने जा रहे थे। इस मामले में जांच के दायरे को और बढ़ाया जा रहा है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

'रेबीज़-मुक्त वसई-विरार' अभियान

# आवारा कुत्तों का मुफ्त टीकाकरण शुरू

ओपी यादव | वसई

रेबीज़ जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए वसई-विरार शहर महानगरपालिका, पशुपालन विभाग और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों ने संयुक्त रूप से मुफ्त रेबीज़ टीकाकरण अभियान शुरू किया है। हर वर्ष विश्वभर में होने वाली लगभग 59,000 मौतों में से अधिकांश अफ्रीका और एशिया में होती हैं, जो जागरूकता की कमी और समय पर टीकाकरण न होने का परिणाम है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा तैयार NAPRE योजना के तहत 2030 तक रेबीज़ उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें आवारा और बिना टीकाकरण वाले कुत्तों को मुख्य फोकस बनाया गया है। प्रशासन ने पशु प्रेमियों, स्वयंसेवकों, सामुदायिक समूहों और आवासीय सोसाइटी से अपील की है कि वे क्यूआर कोड स्कैन कर फॉर्म भरें, जिससे संबंधित NGO उनसे संपर्क कर निर्दिष्ट क्षेत्र में आवारा कुत्तों का टीकाकरण कर सके। टीकाकरण प्रक्रिया NAPRE की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पूरी की जाएगी।

# घर से सवा लाख का जेवर लेकर नाबालिग लड़की हुई फरार

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



भिवंडी के कामतघर स्थित हनुमान नगर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नाबालिग लड़की 22 सितंबर की सुबह घर से फरार होते समय अपनी मां के 1.35 लाख के सोने के गहने अपने साथ ले गई। घटना के उजागर होने के बाद परिवार में चिंता और तनाव का माहौल है।

### पुलिस में शिकायत दर्ज, जांच शुरू

माता-पिता ने मामले की शिकायत भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई, जिसके आधार पर 13 नवंबर को लड़की के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप है कि लड़की ने अपने फायदे के लिए बेडरूम की अलमारी से गहने निकालकर चोरी की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# धोखधड़ी से बेची सरकारी कब्रिस्तान की जमीन

### 12 लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

कब्रिस्तान के लिए आरक्षित सरकारी जमीन को निजी संपत्ति बताकर वर्षों से खरीद-फरोख्त किए जाने का बड़ा मामला सामने आया है। गौरीपाड़ा स्थित सर्वे नंबर 70 की जमीन, जो सरकारी कब्रिस्तान के रूप में दर्ज थी, उसके बावजूद इसे निजी कब्जा दिखाकर 1976 से अब तक बेचा जाता रहा। राजस्व विभाग द्वारा की गई जांच में यह गंभीर अनियमितता उजागर हुई, जिसके बाद मामले की शिकायत बोर्ड अधिकारी शैलेश भोजने ने पुलिस में दर्ज कराई।

### पुलिस जांच जारी




शांतिनगर पुलिस स्टेशन ने शिकायत के आधार पर केशव तुकाराम टावरे, मोतीराम तुकाराम टावरे, गणपत तुकाराम टावरे, बलिराम तुकाराम टावरे, बाबई धर्मजी पाटिल, बरकुबाई महादेव केने, चांगुनाबाई तुकाराम टावरे समेत भोईवाडा के कई अन्य आरोपियों—मोहम्मद कासिम समरू, फैयाज अहमद मोहम्मद ताहिर, अब्दुल गनी मोहम्मद सरदार, मोहम्मद हनीफ ताहिर और मौलाना मो. हुसैन असलामी—के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# घोडबंदर रोड की समस्याओं पर हुई समीक्षा

## मार्च 2026 के बाद भारी वाहनों का दबाव घटेगा: सांसद म्हस्के

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे की घोडबंदर रोड, जो सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जल्द ही भारी वाहनों के दबाव से राहत पा सकती है। सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि मार्च 2026 में दिल्ली-मुंबई फ्रेट कॉरिडोर खुलने के बाद जवाहरलाल नेहरू पोर्ट से जाने वाला 30-35% कंटेनर यातायात इसी कॉरिडोर से गुजरेगा, जिससे घोड़बंदर रोड पर ट्रकों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आएगी। घोड़बंदर रोड और उससे जुड़ी लंबित समस्याओं की समीक्षा के लिए शुक्रवार को मनपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में सड़क की खराब हालत, फ्लाईओवर के पैचवर्क, गड्ढों के चलते हो रही दुर्घटनाओं और अविलंब मरम्मत कार्य पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद म्हस्के ने एमएमआरडीए और लोक निर्माण विभाग को 10 दिसंबर तक सड़क मरम्मत पूरी करने के सख्त निर्देश दिए।

### नागरिकों की शिकायतों पर कार्रवाई तेज करने का आश्वासन




बैठक में मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्पष्ट किया कि मनपा घोड़बंदर रोड का हस्तांतरण लेने को तैयार है, परंतु वर्तमान में जिम्मेदार एजेंसियों को पहले सड़कें अच्छी स्थिति में लानी होंगी। मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट (खानीवाड़े-अमने) और तटीय मार्ग विस्तार जैसे प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई, जो भविष्य में यातायात दबाव कम करने में मदद करेंगे। पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट ने नागरिकों से रिक्शा, ट्रैफिक या अन्य परिवहन संबंधी शिकायतें सीधे महायातायात पुलिस में दर्ज कराने की अपील की। जस्टिस फॉर घोड़बंदर रोड संस्था और स्थानीय नागरिकों ने आंतरिक सड़कों, जलापूर्ति, सफाई और जाम जैसी समस्याओं पर सुझाव दिए, जबकि पूर्व नगरसेवक सिद्धार्थ ओवलेकर ने तटीय मार्ग व आंतरिक सड़क विकास के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को राहत देने के प्रस्ताव रखे।

# मतदाताओं ने कांग्रेस के 'फेक नैरेटिव' को किया खारिज : रविंद्र चव्हाण

धीरज सिंह | मुंबई

महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव ने साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू अब भी कायम है। उन्होंने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने कांग्रेस द्वारा फैलाए गए 'फेक नैरेटिव' को सिरे से नकार दिया है। चव्हाण ने मुंबई स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार और एनडीए के सभी दलों को जीत की बधाई दी। साथ ही उन्होंने बिहार की जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने एनडीए को स्पष्ट जनादेश दिया।



## कांग्रेस पर निशाना, मुंबई चुनाव पर संकेत

चव्हाण ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पार्टी बिहार में दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाई और उसकी प्रतिस्पर्धा अब अपक्षों के साथ रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले झूठा माहौल बनाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया, लेकिन मतदाताओं ने इन दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार की यह जीत अब मुंबई महापालिका चुनावों की दिशा भी तय करती दिख रही है। चव्हाण के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकासकार्य ही एनडीए की सफलता की वास्तविक वजह हैं।

## मुंबई के विकास पर जोर

महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मुंबई की आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र सरकार से बड़े पैमाने पर निधि मिल रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दूरदर्शी नीतियों के कारण मुंबई का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले वर्षों में मुंबई का विकास मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनेगा, और इसके लिए सरकार लगातार योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में जुटी है।

## आगामी चुनावों में जीत को लेकर आश्वस्त

चव्हाण ने विश्वास जताया कि ग्राम पंचायत, जिला परिषद और नगरपालिका जैसे स्थानीय निकायों तक केंद्र की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए महायुति सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बिहार के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता विकास चाहती है और आगामी महाराष्ट्र चुनावों में भी मतदाता महायुति को समर्थन देंगे।

# स्थानीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा प्रदेश संचालन समिति गठित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में होने वाले आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को 24 सदस्यीय प्रदेश संचालन समिति की घोषणा की। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने बताया कि चुनाव प्रभारी के रूप में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे, संयोजक के रूप में प्रदेश महासचिव एड. माधवी नाइक, सह-संयोजक के रूप में विधायक श्रीकांत भारतीय और समन्वयक के रूप में विधायक विक्रांत पाटिल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



चव्हाण ने बताया कि समिति में शामिल अन्य सदस्यों में विश्वास पाठक, माधव भांडारी, डॉ. दिनेश थिटे, केशव उपाध्ये, नवनाथ बन, मनोज पांगारकर, विधायक निरंजन डावखरे, डॉ. भारती पवार, विधायक चित्रा वाघ, योगेश मैंद, भैरवी वाघ, निखिल चव्हाण, रामकृष्ण वेताल, विधायक योगेश सागर, विधायक प्रसाद लाड, अरुण लखानी, जेसल कोठारी, विधायक प्रवीण दरेकर, श्वेता शालिनी, राजेश पांडे, प्रशांत कुलकर्णी, सुनील कर्जतकर, एड. शहाजी शिंदे और सुधीर देऊलगांवकर शामिल हैं। भाजपा का कहना है कि यह समिति चुनावी रणनीति को मजबूत करते हुए पूरे राज्य में चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेगी।

# छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बाहर मिला संदिग्ध बैग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बाहर शुक्रवार को एक संदिग्ध बैग मिलने से लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके को घेर लिया। सावधानीपूर्वक की गई जांच में बैग से कपड़े, पेपर और तौलिया मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। फिलहाल आजाद मैदान पुलिस स्टेशन की टीम बैग के मालिक का पता लगाने में जुटी है।

## जांच में नहीं मिला कोई संदिग्ध सामान



पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लावारिश बैग की खबर मिलते ही स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई थी। मेटल डिटेक्टर और बम स्क्वॉड की निगरानी में बैग की गहन जांच की गई, जिसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि उसमें कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं थी। बैग से कपड़े और कुछ दस्तावेज़ बरामद हुए हैं। पुलिस मामले की विस्तृत जांच जारी रखे हुए है।

महावितरण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई-निविदा सूचना**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित कंपनीच्या वागळे ईस्टेट विभागीय कार्यालयांतर्गत विविध कार्यालय आणि उपकेंद्रातील साफ सफाईच्या काम करणेसाठी ई- निविदा क्र. **EE/WE/E-Tender/T-07/2025-26** महावितरणच्या **https://etender.mahadiscom.in/eatApp/** या संकेतस्थळावर दि. १२.११.२०२५ पासून उपलब्ध आहे.

संपर्क - अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता, दूरध्वनी क्र ८८७९०४३०९४, एम.एस.इ.डी.सी.एल., वागळे ईस्टेट विभागीय कार्यालय, नवीन प्रशासकीय इमारत, पहिला मजला, वागळे ईस्टेट, ठाणे(प.) ई-मेल **eewagleestate@gmail.com**

कार्यकारी अभियंता
स.व सु. वागळे ईस्टेट विभाग

PRO NO.253/13.11.2025

# अखिल भारतीय सफाई कामगार यूनियन अध्यक्ष चरणसिंह टाक का भाजपा में प्रवेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अखिल भारतीय सफाई कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चरणसिंह टाक ने शुक्रवार को अपने संगठन के पदाधिकारियों और अनेक कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने सभी का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक कुमार ऐलानी, प्रदेश महासचिव विक्रांत पाटील, प्रदेश प्रवक्ता अतुल शाह, मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बन, अमरजीत मिश्रा, प्रदेश कार्यालय सचिव मुकुंद कुलकर्णी और भरत राऊत सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा नेतृत्व पर विश्वास, वाल्मीकि समाज का समर्थन




कार्यक्रम में बोलते हुए चरणसिंह टाक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सक्षम नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए वाल्मीकि समाज के अनेक कर्मचारी भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और वाल्मीकि समाज के वास्तविक विकास की क्षमता भी उसी में है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए वाल्मीकि समाज का उपयोग किया, लेकिन कभी उनके विकास की चिंता नहीं की। टाक ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चव्हाण को समाज की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।

## सरकार का जताया आभार

चरणसिंह टाक ने कहा कि नागपुर नगरपालिका और महानगरपालिका के सफाई कर्मचारियों के वारिसों को नौकरी देने की नीति में सुधार के लिए महायुति सरकार के प्रति वे आभारी हैं।

# बीएमसी में इस बार बैठेगा बीजेपी का महापौर: त्रिपाठी



**मुंबई।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल और सुशासन के मंत्र पर जनता के भरोसे की मजबूत पुष्टि बताते हुए श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष और मुंबई बीजेपी के नव-नियुक्त महामंत्री आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि देश अब सकारात्मक राजनीति चाहता है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष की आपसी खींचतान और बंटवारे की राजनीति को नया भारत पूरी तरह नकार चुका है।

**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
विद्युत कार्य
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.**: सोला/क.वि./नि/2025/27, **कार्य का नाम** : सोलापुर डिवीजन के होटगी में विद्युत इंजनों के निरीक्षण और रखरखाव गतिविधि के लिए ट्रिप रखरखाव / अग्रिम निरीक्षण केंद्र के निर्माण के संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य।, **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 43,86,328.43/-, **बयाना राशि** : रु. 87,700/-, **कार्य पुरा करने की अवधि** - 12 माह।, **निविदा प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय** : दि. 05/12/2025 को 15:00 बजे।

SUN 88 वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि)

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
इंजीनियरिंग कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापूर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है।

**निविदा क्र. 40-2025-SrDENC**

**कार्य का नाम** - 1-Construction of PWI office & store and Augmentation of ADEN/BG/KWV and IOW/KWV/BG office & store under ADEN/BG/KWV sub-division. 2-Construction of new PWI office depot with store facilities at BGVN under ADEN/BG/KWV Subdivision. **अनुमानित लागत रु.** - Rs. 57029514.72/-, **बयाना रक्कम** - Rs. 435200.00/-, **समापन की अवधी** - 12 महीने, **अनुरक्षण की अवधि** - 24 महीने

**निविदा क्र. 41-2025-SrDENC**

**कार्य का नाम** - Construction of service rooms for Latur coaching complex. **अनुमानित लागत रु.** - Rs. 14300975.16/-, **बयाना रक्कम** - Rs. 221500.00/-, **समापन की अवधी** - 12 महीने, **अनुरक्षण की अवधि** - 24 महीने

www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय - 05/12/2025 को 15:00 बजे तक, www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय - 05/12/2025 को 15:30 बजे, **निविदाकारोंसे निवेदन है की कोई बदलाव/शुध्दिपत्र (यदि हो) के लिये वेबसाइट www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
मध्य रेल, सोलापूर

SUN 90

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिमी उपनगर

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज़ संख्या | 2025_MCGM_1245779_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | अधिशाषी अभियंता (प्रशिक्षण) डब्ल्यू.एस. के अधीन सांताक्रूज़ कार्यशाला में कॉम्पैक्ट स्टोरेज सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| निविदा शुल्क | 1452.00+ (18% जीएसटी) |
| बोली सुरक्षा जमा/ईएमडी | 14,500.00/- |
| निविदा जारी करने और बिक्री की तिथि | 14.11.2025 दोपहर 1:00 बजे से |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि और समय और बोली सुरक्षा जमा की प्राप्ति | 21.11.2025 शाम 4:00 बजे तक |
| पैकेट A, B और पैकेट C जमा करना (ऑनलाइन) | 21.11.2025 को 16:00 बजे तक |
| पैकेट A और B खोलना | 24.11.2025 को 12:00 बजे के बाद |
| पैकेट C खोलना | बाद में सूचित किया जाएगा |
| संचार हेतु पता | कार्यकारी अभियंता (प्रशिक्षण) डब्ल्यू.एस. का कार्यालय, मिलन मॉल के सामने, मिलन सबवे रोड, एस.वी. रोड के पास, सांताक्रूज़ (पश्चिम) मुंबई - 400 054 |
| बोली खोलने का स्थान | पूर्व अभियंता (प्रशिक्षण) डब्ल्यू.एस. का कार्यालय |

यह निविदा दस्तावेज़ हस्तांतरणीय नहीं है।
यदि ई-निविदा विषय के लिए कोई परिशिष्ट और/या शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसका विवरण महाराष्ट्र सरकार (महाटेंडर्स) के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (https://mahatenders.gov.in) पर निविदाएं > ई-निविदाएं > निविदाएं के अंतर्गत प्रकाशित/अपलोड किया जाएगा। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इसका ध्यान रखें।
बीएमसी उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता/-
अधिशाषी अभियंता
(परिवहन )डब्ल्यू.एस.आई/सी

पीआरओ/2246/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

## बिहार परिणामों को बताया लोकतंत्र के लिए खतरा



देवेंद्रनाथ जैस्वार | मुंबई

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का पूरा श्रेय चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जाता है, क्योंकि मत-चोरी, फर्जी मतदान और SIR के जरिए विपक्षी मतदाताओं के नाम हटाने से ही भाजपा और सहयोगी दलों की जीत संभव हुई। तिलक भवन में ओबीसी विभाग के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रो. डॉ. यशपाल भिंगे के पदग्रहण समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में सपकाल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग सत्ताधारी दल को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने कहा कि देश को अब टी. एन. शेषन जैसे कड़े और निष्पक्ष चुनाव आयुक्तों की आवश्यकता है।

**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री/श्रीमती/मेसर्स कॉनकॉर्ड डिज़ाइन्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रथमेश को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, प्लॉट संख्या 132, खरेघाट रोड, हिंदू कॉलोनी, दादर (पूर्व) मुंबई - 4000 14 के वैध सदस्य हैं। सोसाइटी ने कार्यालय/गाला संख्या 101 और 102 के लिए दिनांक 16 अप्रैल, 2013 को शेयर प्रमाणपत्र संख्या 01 वाला एक शेयर प्रमाणपत्र जारी किया था, जिसमें 50 रुपये प्रति शेयर के 20 (बीस) पूर्ण चुकता शेयर शामिल थे, जिनकी विशिष्ट संख्या 01 से 20 और 21 से 40 (दोनों शामिल) थीं। उक्त शेयर प्रमाणपत्र खो गया है/गलत जगह पर रख दिया गया है और वर्तमान में उसका पता नहीं चल पा रहा है। तदनुसार, मेरे मुवक्किल ने अपने नाम पर डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सोसाइटी में आवेदन किया है। यदि किसी को भी डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने पर कोई आपत्ति है, तो उनसे अनुरोध है कि वे इस सूचना की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधिवक्ता दत्तात्रय जी. ढोबळे कार्यालय, यूनिट संख्या 123, प्रथम तल, प्रभादेवी यूनिक इंडस्ट्रियल परिसर, वीर सावरकर मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई - 4000 25 को लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो सोसायटी अनुरोधानुसार मेरे मुवक्किल के नाम पर डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने की कार्यवाही करेगी।

**दिनांक 15 नवंबर, 2025**

हस्ताक्षरकर्ता/-
**दत्तात्रय जी. ढोबळे**
अधिवक्ता, उच्च न्यायालय,

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

खाताः मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत)
सं. ई.ई.मेक./4857/दक्षिण दिनांक 14.10.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका निम्नलिखित विषयगत कार्यों के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है। निविदाओं के वितरण एवं बिक्री की तिथि एवं समय, निविदाओं की बिक्री की तिथि एवं समय संबंधी विवरण बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in और महाटेंडर वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर निविदा देखने के लिए प्रकाशित/अपलोड कर दिए गए हैं।

| क्र.सं | निविदा संख्या | निविदा का विषय |
|---|---|---|
| 1 | 2025_MCGM_1245556_1 | रोटा प्रिंटिंग प्रेस के सुरक्षा अनुभाग में लकड़ी के पैनल के निर्माण एवं स्थापना के संबंध में। |

इच्छुक बोलीदाता विस्तृत जानकारी के लिए महाटेंडर की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in और बृहन्मुंबई नगर निगम की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in पर जा सकते हैं।

पीआरओ/2235/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता यां.(दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस दुर्गापुरा के बीच सुपरफास्ट विशेष ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन नंबर | शुरुआती स्टेशन और डेस्टिनेशन | सेवा की तारीख | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09730 | बांद्रा टर्मिनस - दुर्गापुरा | 17.11.2025 | सुबह 10:00 बजे (सोमवार) | सुबह 5:30 बजे (अगले दिन) |
| 09729 | दुर्गापुरा - बांद्रा टर्मिनस | 16.11.2025 | दोपहर 12:25 बजे (रविवार) | सुबह 7:00 बजे (अगले दिन) |

**हाल्टः** दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर और बनस्थली निवाई स्टेशन।
**संरचनाः** प्रथम एसी, एसी - 2 टियर, एसी - 3 टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

स्टॉपेज, रुकने के समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.Indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09730 की बुकिंग 15.11.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008
कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTMB25-9 | 01-12-25 13:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MMS-MobGen-133732-1-25-1 (विविध-मोबाइल-सेवाएँ-ऐप-आधारित सामान्य के माध्यम से मोबाइल निर्दिष्ट बॉक्स/केज स्थान) | 12009/10-MMCT-ADI शताब्दी एक्सप्रेस में पार्सल बुकिंग और ट्रैकिंग के लिए गार्ड कम्पार्टमेंट लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग हेतु 03 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध। | 1096 | 01-12-25 13:30:00 |
| 2 | MMS-MobGen-176202-1-25-1 (विविध-मोबाइल-सेवाएँ-मोबाइल सामान्य) | पार्सल बुकिंग के लिए ऐप-आधारित लॉजिस्टिक्स प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से गार्ड कम्पार्टमेंट के निर्दिष्ट बॉक्स/केज स्थान के उपयोग हेतु अनुबंध और 22953/54-गुजरात एक्सप्रेस में 03 वर्षों की अवधि के लिए ट्रैकिंग। | 1096 | 01-12-25 13:40:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-37 | 01-12-25 14:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MRUMedStn-45-24-1 (विविध-स्थिर-सेवाएँ-स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएँ) | माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्षों की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना। | 1826 | 01-12-25 14:30:00 |

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-54 | 01-12-25 15:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-Int-S1-77EMUInt-425-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन का आंतरिक भाग) | 77 गैर-एसी ईएमयू रेकों के अंदर रूट मैप के माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन, कुल 933 कोच -जिसमें 12 कोच वाले 74 ईएमयू रेक (कुल 888 कोच) और 15 कोच वाले 3 ईएमयू रेक (कुल 45 कोच) शामिल हैं - जो मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में कुल 462.75 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करते हैं, यह पाँच वर्षों की अवधि के लिए लागू है। | 1826 | 01-12-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-EFF-176202-2-25-2 (विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (पूरी सतह पर)) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल की गुजरात एक्सप्रेस (22953/54) और उसके लिंक रेक (19033/34 और 19035/36) के डिब्बों की बाहरी (पूरी सतह पर) विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति 05 वर्ष की अवधि के लिए। | 1826 | 01-12-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-EBW-S1-16EMUExt-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन का बाहरी भाग (खिड़की के नीचे)) | कुल 204 डिब्बों वाली 16 ईएमयू रेकों की बाहरी दीवार (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन - 12 ईएमयू रेक, जिनमें प्रत्येक में 12 डिब्बे हैं (कुल 144 डिब्बे) और 4 ईएमयू रेक, जिनमें प्रत्येक में 15 डिब्बे हैं (कुल 60 डिब्बे) - पाँच वर्षों की अवधि के लिए मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में कुल 4,270.75 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करते हैं। | 1826 | 01-12-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-EBW-S1-17EMUExt-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (खिड़की के नीचे)) | कुल 210 डिब्बों वाली 17 ईएमयू रेकों की बाहरी दीवार (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन - जिसमें शामिल हैं 15 ईएमयू रेक, जिनमें प्रत्येक में 12 डिब्बों वाली (कुल 180 डिब्बों वाली) और 2 ईएमयू रेक, जिनमें प्रत्येक में 15 डिब्बों वाली (कुल 30 डिब्बों वाली) - पाँच वर्षों की अवधि के लिए मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में कुल 4,392.92 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर करती हैं। | 1826 | 01-12-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-MIRA-OH-448-25-1 विज्ञापन प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार (घर से बाहर विज्ञापन) | मीरा रोड और भायंदर में मौजूदा होर्डिंग संरचनाओं (मरम्मत/सुदृढ़ीकरण सहित) पर 3 वर्ष की अवधि के लिए। | 1096 | 01-12-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-VAPI-OH-426-25-1 (घर से बाहर विज्ञापन) | वापी पूर्व में 14 यूनिपोल स्थापित करके विज्ञापन प्रदर्शन हेतु थोक अधिकार 6'x10' (चौड़ाई-ऊंचाई) जिसमें 06 बैक-टू-बैक डिस्प्ले शामिल हैं, क्षेत्रफल-1200 वर्ग फुट, 05 वर्ष की अवधि के लिए | 1826 | 01-12-25 16:20:00 |

संपर्क विवरणः लैंडलाइन नंबरः 02267644212, ईमेल आईडीः acmadvtgbct@gmail.com
नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉटवार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं। 0774

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

संपादकीय

## ताकत खो रहा विपक्ष

साल 2024 के आम चुनावों में भाजपा को बहुमत से रोकने का श्रेय भले ही विपक्षी गठबंधन को मिला हो, लेकिन इसके बाद की राजनीतिक स्थिति ने साफ कर दिया कि वह सफलता टिकाऊ नहीं थी। महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में भाजपा की पुनः मजबूत वापसी तथा बिहार में एनडीए की भारी जीत ने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा न केवल अपनी संगठनात्मक क्षमता को फिर से धार दे चुकी है, बल्कि उसकी चुनावी मशीनरी पहले की तुलना में अधिक चुस्त और सक्रिय हो गई है। इसके विपरीत, विपक्ष झारखंड को छोड़कर किसी भी राज्य में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सका। यह स्थिति इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष जनता को यह विश्वास दिलाने में असफल रहा है कि वह वास्तव में भाजपा का कोई विश्वसनीय, स्थिर और संगठित विकल्प बन सकता है। विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि उसने जिन मुद्दों को चुनावी बहस का केंद्र बनाने की कोशिश की—जैसे एसआईआर, वोट चोरी और अन्य तकनीकी आरोप—वे जमीन पर असर डालने में विफल साबित हुए। इन आरोपों को जनता तक विश्वसनीय रूप से पहुँचाने के लिए विपक्ष के पास ठोस सबूत नहीं थे, और कई सहयोगी दल भी इन विवादों को आगे बढ़ाने में सहज नहीं थे। परिणामस्वरूप विपक्ष की रणनीति बिखरी हुई और अवसरवादी प्रतीत हुई। भारतीय मतदाता बहुत जल्दी ऐसे दृष्टिकोण को नकार देता है जिसे वह अस्थिर या अविश्वसनीय समझता हो। राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल भी विपक्ष के खिलाफ ही गया, क्योंकि जनता में व्यापक धारणा यह है कि मोदी सरकार इस मोर्चे पर निर्णायक और सख्त रुख अपनाने में अन्य दलों की तुलना में कहीं अधिक सक्षम रही है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठन है, जो अब चुनावी मौसम पर निर्भर नहीं रहता। पार्टी की रणनीति एक 'सतत प्रक्रिया' में बदल चुकी है—जो बूथ स्तर तक सक्रिय, सतर्क और लगातार संवादरत रहती है। भाजपा के कार्यकर्ता हर समय मैदान में मौजूद रहते हैं, चाहे चुनाव नजदीक हों या दूर। यही निरंतरता उसे चुनावों में बढ़त दिलाती है और मतदाता से उसका संपर्क हमेशा मजबूत बनाए रखती है। इसके विपरीत कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल चुनाव नजदीक आने पर ही सक्रिय होते दिखाई देते हैं। कई बार कांग्रेस उन राज्यों में ऊर्जा और संसाधन झोंक देती है, जहां उसके लिए कोई वास्तविक राजनीतिक ज़मीन ही नहीं बची होती। इसका सीधा असर उन राज्यों पर पड़ता है, जहां वह भाजपा से सीधी टक्कर में है—और जहां उसे स्थायी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। चुनावी रणनीति में इस प्रकार का असंतुलन कांग्रेस की विश्वसनीयता को कमजोर करता है और जनता में भ्रम पैदा करता है कि पार्टी की दिशा क्या है। राहुल गांधी को विपक्ष के मुख्य चेहरे के रूप में जिस निरंतरता, दूरदर्शिता और जमीनी संघर्ष की आवश्यकता है, वह अभी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देती। उनकी राजनीतिक शैली में कई बार आक्रामकता तो दिखती है, लेकिन निरंतरता का अभाव रहता है। इससे न केवल विपक्ष का मनोबल प्रभावित होता है, बल्कि भाजपा को अपने एजेंडे और संदेश को जनमानस में स्थापित करने का और आसान अवसर मिलता है। समग्र रूप से देखा जाए तो भारतीय राजनीति की वर्तमान स्थिति लोकतंत्र में संतुलन के लिए चुनौतीपूर्ण बनती जा रही है। लोकतांत्रिक ढांचा तभी मजबूत होता है जब सत्ता पक्ष के सामने एक मजबूत, सजग और संगठित विपक्ष मौजूद हो। फिलहाल स्थिति यह है कि भाजपा अपनी संगठनात्मक शक्ति और निरंतर संपर्क अभियान के बल पर राज्यों में अपनी पकड़ मजबूत करती जा रही है, जबकि विपक्ष एक संगठित नैरेटिव तैयार करने और जनता का विश्वास हासिल करने में अभी भी संघर्षरत है। यदि विपक्ष आने वाले समय में खुद को पुनर्संगठित कर एक स्पष्ट और विश्वसनीय राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत नहीं करता, तो यह असंतुलन भविष्य की राजनीति पर गहरा प्रभाव डाल सकता है।

# चुनावी 'पर्यटन' पर लगाम लगाने का समय




यह विवाद हाल के वर्षों में उभरे उन गंभीर आरोपों से संबंधित है जिनमें कहा गया कि दिल्ली, हरियाणा और कई अन्य राज्यों से हज़ारों लोगों को संगठित तरीके से बिहार ले जाया गया, वहाँ उन्हें अस्थायी पते पर मतदाता सूची में शामिल करवाया गया और फिर उनसे मतदान कराया गया। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह सिर्फ चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं बल्कि भारत की लोकतांत्रिक संरचना को हानि पहुंचाने वाला कृत्य है। भारत का जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 मतदान पंजीकरण के संबंध में एक बेहद स्पष्ट और कठोर सीमा निर्धारित करता है—किसी भी व्यक्ति को केवल वहीं मतदाता के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है जहाँ वह 'सामान्य रूप से निवासी' (Ordinarily Resident) हो। यह सिद्धांत लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया है, क्योंकि मतदान का अधिकार केवल उन लोगों को मिलना चाहिए जो वास्तव में उस क्षेत्र में रहते हैं, वहाँ की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों से प्रभावित होते हैं और वहाँ के प्रशासनिक ढांचे, सार्वजनिक सेवाओं और स्थानीय नीतियों का प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं। इस तरह के मामलों में अक्सर बाहरी राज्यों से आने वाले लोग चुनावी परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से लाए जाते हैं और फिर चुनाव के बाद अपने मूल राज्य वापस लौट जाते हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने केवल वोट डालने के उद्देश्य से पंजीकरण कराया था, न कि वे उस क्षेत्र के वास्तविक निवासी थे। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 19 यह निर्धारित करती है कि मतदाता पंजीकरण का अधिकार केवल उसी व्यक्ति को है जो उस निर्वाचन क्षेत्र में नियमित रूप से रहता है और जहाँ रहने का उसका दीर्घकालिक इरादा हो। धारा 17 और 18 यह दो मुख्य सुरक्षा-शर्तें जोड़ती हैं कि कोई व्यक्ति दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में एक साथ पंजीकृत नहीं हो सकता और न ही एक ही क्षेत्र में एक से अधिक बार नाम दर्ज करवा सकता है। धारा 20 में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि संपत्ति का मालिक होना, पैतृक गांव से भावनात्मक जुड़ाव होना या चुनाव से ठीक पहले कुछ दिनों के लिए किसी क्षेत्र में ठहर जाना सामान्य निवास की कानूनी परिभाषा को पूरा नहीं करता। यह प्रावधान उन लोगों के लिए बनाए गए जिन्होंने अपने वास्तविक निवास को छोड़कर किसी और स्थान पर सिर्फ चुनाव को प्रभावित करने की नीयत से अपना नाम दर्ज कराने की प्रवृत्ति दिखाई। महत्वपूर्ण यह है कि धारा 31 किसी भी व्यक्ति के लिए झूठा विवरण देने या अपने पुराने पंजीकरण को छिपाकर नया पंजीकरण कराने को आपराधिक अपराध घोषित करती है, जिसमें एक वर्ष तक की जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। यह दंड इसलिए सख्त रखा गया है ताकि मतदाता सूची का दुरुपयोग रोकने के लिए स्पष्ट कानूनी निवारक मौजूद रहे। व्यवहार में भी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ERO) सामान्य निवास के मुद्दे को गंभीरता से लेते हैं। हालांकि कानून में 'छह महीने' का कोई सख्त नियम नहीं है, फिर भी प्रशासनिक मॉडल के रूप में छह महीने से अधिक अनुपस्थिति को संदेहास्पद माना जाता है और ERO ऐसे मामलों में व्यक्ति को नोटिस जारी करते हैं, जिसमें यह पूछा जाता है कि क्या वह वास्तव में अभी भी उस पते पर रहता है या नहीं। यह मॉडल हजारों पंजीकरणों की जांच प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से बनाया गया है, परंतु अंतिम निर्णय हमेशा तथ्यों, व्यक्ति के वास्तविक निवास पैटर्न और उसके जीवन की परिस्थितियों पर आधारित होता है। अस्थायी अनुपस्थिति—जैसे नौकरी, शिक्षा, यात्रा या किसी जरूरी कारण से कुछ समय के लिए बाहर रहना—व्यक्ति के सामान्य निवास को समाप्त नहीं करती, लेकिन चुनाव से ठीक पहले किसी स्थान पर पहुंचकर पंजीकरण कराना सामान्य निवास का प्रमाण नहीं माना जा सकता। यदि वास्तव में ऐसे हजारों लोग बसों या वाहनों से लाए गए और बिना वास्तविक निवास के प्रमाण के उन्हें मतदाता सूची में शामिल कर मतदान कराया गया तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ अत्यंत गंभीर धोखाधड़ी है। यह न केवल स्थानीय निवासियों के मतदान अधिकार को कमज़ोर करता है बल्कि निर्वाचन क्षेत्र के वास्तविक जनादेश को भी विकृत कर देता है, क्योंकि चुनावी परिणाम उन लोगों द्वारा प्रभावित हो जाते हैं जो न उस क्षेत्र की समस्याओं से जुड़े हैं, न वहाँ की सार्वजनिक सेवाओं का उपयोग करते हैं और न वहाँ के शासन-प्रशासन के निर्णयों के प्रभाव का सामना करते हैं। किसी भी निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची को उस समुदाय की इच्छा का प्रतिबिंब माना जाता है जो वहाँ रहता है, नियमित रूप से कर चुका रहा है, स्थानीय संस्थानों का उपयोग करता है और स्थानीय शासन के दैनिक फैसलों से प्रभावित होता है। बाहरी लोगों को अस्थायी आधार पर मतदाता सूची में शामिल करने की प्रवृत्ति लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुँचाती है, क्योंकि चुनाव केवल स्थानीय निवासियों की इच्छा का दर्पण होना चाहिए, न कि आउटसोर्स किए गए मतदाताओं की। यदि ये आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह मामला सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही का नहीं बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता और कानूनी ढांचे के गंभीर उल्लंघन का उदाहरण है, जो भविष्य में चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर सकता है।

जीवन मंत्र

## जो अंधकार से अनजान हैं, वे प्रकाश की खोज नहीं करते

अंधकार को स्वीकारना ही ज्ञान की ओर पहला कदम है। यह जीवन का वह सच है जो हमें आत्मनिरीक्षण, आत्मजागरूकता और निरंतर सुधार की राह दिखाता है। यही जागरूकता हमें अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान और भ्रम से सत्य की ओर ले जाती है।

जी मनुष्य का जीवन तभी सार्थक होता है जब वह अपनी कमजोरियों और सीमाओं को पहचान सके। जो लोग अंधकार में जी रहे हैं लेकिन उन्हें इसका एहसास ही नहीं है, वे कभी प्रकाश की ओर नहीं बढ़ते। यहाँ अंधकार का अर्थ अज्ञान, भ्रम और संकीर्ण सोच से है, जबकि प्रकाश ज्ञान, सत्य और आत्मबोध का प्रतीक है। जब तक व्यक्ति यह नहीं समझता कि वह अंधकार में जी रहा है, तब तक उसके भीतर सुधार या परिवर्तन की कोई इच्छा उत्पन्न ही नहीं होती। यही कारण है कि आत्मबोध और जागरूकता को जीवन का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम माना गया है। अज्ञान का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि यह व्यक्ति को एक झूठी तृप्ति में बाँध देता है। उसे लगता है कि सब कुछ ठीक है और सुधार की कोई आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोग अपनी गलतियों को पहचानने के बजाय उन्हें जीवन का सामान्य हिस्सा मान लेते हैं। यही कारण है कि वे प्रकाश—यानी सत्य और ज्ञान—की खोज में कदम ही नहीं बढ़ाते। इसके विपरीत, जो लोग यह स्वीकार कर लेते हैं कि वे अंधकार में हैं, वही जागरूक होकर परिवर्तन की



तलाश शुरू करते हैं। आत्मस्वीकार ही जागरण की पहली सीढ़ी है। यह कथन समाज पर भी उतना ही लागू होता है जितना व्यक्ति पर। यदि एक समाज अंधकार—यानी कुप्रथाओं, अज्ञानता या भ्रष्टाचार—से घिरा हुआ है लेकिन उसे इसका एहसास ही नहीं है, तो वह कभी सुधार की ओर नहीं बढ़ेगा। ऐसे समाज में स्थिरता तो होगी, लेकिन वह स्थिरता विकासरहित होगी। इसके विपरीत, जो समाज अपनी कमजोरियों को समझता है, वही प्रगति की ओर आगे बढ़ता है। इतिहास में जिन समाजों ने आत्मचिंतन और आत्मबोध को अपनाया है, वही समाज महानता की ओर अग्रसर हुए हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह कथन गहरा महत्व रखता है। जब तक इंसान यह नहीं मानता कि वह सांसारिक मोह-माया और अज्ञान के अंधकार में है, तब तक वह परम सत्य या ईश्वर की खोज नहीं करता। संत और दार्शनिक हमेशा यही कहते आए हैं कि पहले अपने भीतर के अंधकार को पहचानो, तभी प्रकाश की ओर मार्ग प्रशस्त होगा। बिना इस स्वीकार के व्यक्ति धर्म, साधना या आध्यात्मिकता में केवल औपचारिकता निभाता है, वास्तविक खोज नहीं करता। अंततः, यह कथन हमें यह सिखाता है कि परिवर्तन की शुरुआत भीतर से होती है। जब तक हम अपनी कमजोरियों और अज्ञान को नहीं पहचानेंगे, तब तक हम प्रकाश की तलाश नहीं करेंगे। अंधकार को स्वीकारना ही ज्ञान की ओर पहला कदम है।

शख्सियत — सानिया मिर्जा

## भारत की पूर्व पेशेवर टेनिस खिलाड़ी



सानिया मिर्ज़ा (जन्म 15 नवंबर 1986) भारत की पूर्व पेशेवर टेनिस खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन, उपलब्धियों और वैश्विक पहचान के दम पर भारतीय महिला टेनिस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मी और हैदराबाद में पली-बढ़ी सानिया ने छह साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया था।

उनके पिता इमरान मिर्ज़ा एक खेल पत्रकार और मां नसीमा एक प्रिंटिंग व्यवसाय से जुड़ी थीं। छोटी बहन अनम की शादी क्रिकेटर मोहम्मद असदुद्दीन से हुई है, जो भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के बेटे हैं। सानिया का परिवार शिक्षा और खेल—दोनों में बेहद सक्रिय रहा और इसी माहौल ने उन्हें शुरुआती उम्र से ही पेशेवर खिलाड़ी बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई हैदराबाद के नस्र स्कूल में पूरी की और आगे चलकर सेंट मैरी कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। 2008 में उन्हें चेन्नई स्थित एमजीआर एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी दी गई। सानिया ने कम उम्र में ही आईटीएफ जूनियर सर्किट पर अपनी पहचान बना ली थी। 2003 में वे पहली बार प्रोफेशनल टूर पर उतरीं। उसी साल उन्होंने एलिसा क्लेबानोवा के साथ विंबलडन गर्ल्स डबल्स का खिताब जीता, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इसके तुरंत बाद उन्होंने भारत के राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता, चार स्वर्ण पदक एफ्रो-एशियाई खेलों में जीते और फेड कप में लगातार जीत दर्ज करते हुए भारत की उम्मीदों को मजबूत किया। साल 2005 सानिया के लिए ऐतिहासिक रहा, जब उन्होंने हैदराबाद ओपन जीतकर डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यूएस ओपन के चौथे दौर तक पहुंचकर भी रिकॉर्ड कायम किया, जहां उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया शारापोवा से हुआ था। सानिया की एकल रैंकिंग अगस्त 2007 में 27 पर पहुंची, जो आज भी किसी भारतीय महिला खिलाड़ी की सर्वोच्च रैंकिंग है। अपने करियर में उन्होंने स्वेतलाना कुज़नेत्सोवा, वेरा ज़्वोनारेवा, मेयलेन टू, मार्टिना हिंगिस और दिनारा सफीना जैसी शीर्ष खिलाड़ियों को हराया। हालांकि, कलाई की चोट के कारण उन्हें एकल करियर छोड़कर युगल पर ध्यान देना पड़ा, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी और वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डबल्स खिलाड़ियों में गिनी जाने लगीं। 2015 में मार्टिना हिंगिस के साथ उनकी जोड़ी ने दुनिया भर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। दोनों ने मिलकर विंबलडन, यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन जैसे तीन ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीते।

इसी साझेदारी ने सानिया को अप्रैल 2015 में विश्व नं. 1 रैंकिंग दिलाई, और वे कुल 91 हफ्तों तक विश्व की शीर्ष युगल खिलाड़ी बनी रहीं। इसके अलावा उन्होंने फ्रेंच ओपन 2011 के फाइनल में जगह बनाई, टूर फाइनल्स 2014 और 2015 में खिताब जीते, और मिश्रित युगल में भी महेश भूपति के साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किए।


जीवन ऊर्जा

जॉन विलियम स्ट्रट : जन्म- 15 नवंबर 1875 — जन्म

## धरती के वीर पुत्र और आदिवासी अस्मिता के

बिरसा मुंडा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महान नायकों में से एक हैं, जिन्होंने अपने छोटे से जीवन में आदिवासी समाज के स्वाभिमान, अस्तित्व और अधिकारों के लिए महाविद्रोह खड़ा कर दिया। 15 नवंबर 1875 को रांची जिले (अब खूँटी) के उलिहातू गांव में एक गरीब किसान परिवार में जन्मे बिरसा बचपन से ही प्रकृति, जंगलों और जनजातीय परंपराओं से जुड़े रहे। साल्गा और चाईबासा में प्रारंभिक शिक्षा के दौरान उन्होंने महसूस किया कि अंग्रेजी शासन और मिशनरी गतिविधियों ने आदिवासी जीवन को गहरी चोट पहुँचाई है।

गरीबी, बीमारी, अंधविश्वास और धर्मांतरण के प्रयासों ने समाज की जड़ें कमजोर कर दी थीं। धीरे-धीरे बिरसा समाज में जागृति के केंद्र बन गए। वे आदिवासियों को अपनी संस्कृति और धर्म से जुड़े रहने, बीमारी को दैवी प्रकोप न मानकर उससे लड़ने, शिक्षा अपनाने और नशे से दूर रहने की सलाह देते थे। हैजा और चेचक के कारण मरते लोगों को बचाने के उपाय बताने और जनहित के कार्यों के चलते उनका प्रभाव बढ़ने लगा। लोग उन्हें भगवान मानने लगे और they 'धरती आबा' कहलाने लगे। मिशनरियों और अंग्रेज अधिकारियों की नजर में वे एक बड़ी बाधा बनते जा रहे थे। 19वीं सदी के अंतिम वर्षों में अंग्रेजों ने कुटिल रणनीति अपनाकर आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया। जमींदारी प्रथा, भारी कर, बेदखली और शोषण से मुंडा सहित अन्य जनजातियाँ त्रस्त थीं। बिरसा ने महसूस किया कि यह केवल जमीन का संघर्ष नहीं, बल्कि पहचान और स्वाभिमान की लड़ाई है। 1895 से उन्होंने आदिवासियों को संगठित करना शुरू किया और 1899–1900 में यह आंदोलन उलगुलान यानी महाविद्रोह के रूप में फैल गया। यह विद्रोह अंग्रेजी सत्ता की जड़ों को हिलाने लगा। कई क्षेत्रों में प्रशासन पंगु हो गया और ब्रिटिश सरकार भयभीत हो उठी।




अंततः अंग्रेजों ने मिशनरी नेटवर्क की मदद ली और षड्यंत्र कर 3 मार्च 1900 को बिरसा को गिरफ्तार कर लिया गया। कहा जाता है कि उनके ही किसी परिचित ने 500 रुपये के लालच में उनका ठिकाना बता दिया। गिरफ्तारी के बाद भी ब्रिटिश प्रशासन उनके खिलाफ केस तैयार नहीं कर पाया। इतिहासकारों का मानना है कि अंग्रेज जानते थे कि बिरसा को कानूनी रूप से दंडित नहीं किया जा सकता। यदि वे रिहा हो जाते, तो विद्रोह और भी शक्तिशाली हो जाता। इसी आशंका में 9 जून 1900 की सुबह रांची जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## मंदिर दर्शन के बाद पैड़ी पर बैठने की परंपरा

एक हमारे इतिहास में लिखा है और हमारे बुजुर्ग भी यह परंपरा बताते आए हैं कि जब भी किसी मंदिर में दर्शन के लिए जाएं, तो दर्शन करने के बाद बाहर आकर मंदिर की पैड़ी या ऑटले पर थोड़ी देर बैठना चाहिए। यह कोई साधारण परंपरा नहीं है, बल्कि इसका एक विशेष आध्यात्मिक और मानसिक उद्देश्य है। आजकल लोग





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

इस परंपरा को केवल एक विश्राम का माध्यम समझते हैं और मंदिर की पैड़ी पर बैठकर घर, व्यापार, रिश्तेदारी और राजनीति की चर्चा करने लगते हैं। परंतु वास्तव में यह परंपरा आत्मचिंतन और प्रभु से एक निजी संबंध स्थापित करने के लिए बनाई गई थी। वास्तव में, मंदिर की पेडी पर बैठकर हमें एक विशेष श्लोक का उच्चारण करना चाहिए, जिसे आजकल अधिकतर लोग भूल गए हैं। यह श्लोक केवल शब्द नहीं है, बल्कि जीवन की अंतिम कामनाओं को दर्शाने वाली एक गूढ़ प्रार्थना है। यह श्लोक इस प्रकार है: **अनायासेन मरणम्, बिना देन्येन जीवनम्। देहान्ते तव सानिध्यम्, देहि मे परमेश्वरम्।**
इसका अर्थ है हे प्रभु! हमारी मृत्यु अनायास (बिना पीड़ा के) हो। जीवन में कभी दूसरों पर आश्रित न होना पड़े। जब मृत्यु हो, तब आप स्वयं हमारे सम्मुख हों, और हमें आपकी साक्षात उपस्थिति में देह त्यागने का सौभाग्य मिले। इस श्लोक के प्रत्येक भाग में गहरी भावना छुपी है। **अनायासेन मरणम्** का अर्थ है कि मृत्यु बिना किसी रोग या पीड़ा के सहज रूप से हो जैसे चलते-फिरते ही प्राण निकल जाएँ।बिना देन्येन जीवनम् का भाव है कि जीवन में कभी बेबसी या परवशता न हो, जैसे कि कोई व्यक्ति वृद्धावस्था या बीमारी में दूसरों के सहारे जीता है। 'देहान्ते तव सानिध्यम्' का अर्थ है कि मृत्यु के समय भगवान स्वयं हमारे पास हों जैसे भीष्म पितामह के मृत्यु समय भगवान श्रीकृष्ण उनके सामने उपस्थित थे। और देहि मे परमेश्वरम् हे प्रभु! हमें यह दिव्य स्थिति प्रदान करें। यह ध्यान रखने योग्य बात है कि यह श्लोक प्रार्थना है, याचना नहीं। याचना में हम सांसारिक वस्तुएं जैसे घर, गाड़ी, नौकरी, धन, पुत्र-पुत्री आदि माँगते हैं, जो कि भीख के समान होती है। जबकि प्रार्थना आत्मिक होती है, जो आत्मा की शांति, गरिमा और मोक्ष के लिए की जाती है। भगवान सांसारिक वस्तुएं आपकी पात्रता के अनुसार स्वयं प्रदान करते हैं, लेकिन यह श्लोक भगवान से एक श्रेष्ठ, शांत और गरिमामयी जीवन और मृत्यु की कामना करता है। यह शुद्ध भावना से की गई एक साधना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब हम मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए जाएं, तो खुली आँखों से प्रभु के श्रीविग्रह, श्रीचरण, मुखमंडल और श्रृंगार का ध्यानपूर्वक दर्शन करें।

अपने विचार



नतीजा स्वीकार करना पड़ेगा, लेकिन ये बिहार के लिए दुर्भाग्य होगा। जनता को मैं कुछ नहीं कह सकता लेकिन बिहार के लिए ये दुर्भाग्य होगा।

-प्रशांत किशोर, अध्यक्ष जन सुराज पार्टी



मेरा शक था सही निकला। एसआईआर में 62 लाख वोट कटे 20 लाख वोट जुड़े। यही नहीं 5 लाख वोट बिना SIR फॉर्म भरे बढ़ा दिए गए। अधिकांश वोट गरीबों के दलितों के अल्प संख्यक वर्ग के कटे। इसके बावजूद ईवीएम पर शंका बनी हुई है

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता



ट्रम्प और एलन मस्क कोई मूर्ख नहीं हैं जो यह कह रहे हैं कि चुनाव बैलेट पेपर से होने चाहिए। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे उनकी इस बात का समर्थन करते हैं।' 'SIR और EVM का खतरनाक खेल का कमाल है बिहार विधान सभा चुनाव का परिणाम।

-उदित राज, कांग्रेस नेता



बिहार में एनडीए भले ही आगे बढ़ रहा हो, लेकिन बंगाल में वे और भी पिछड़ जाएँगे। उन्हें याद रखना चाहिए 'कौवे के लिए पके बेल का क्या काम?

-कुणाल घोष, टीएमसी नेता

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

# मध्य रेलवे पर 16 नवंबर को मेगा ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेलवे मुंबई मंडल ने 16 नवंबर 2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक की घोषणा की है। यह ब्लॉक यात्री सुरक्षा और अवसंरचना सुधार को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया गया है।



### मेन लाइन पर स्लो लाइनों का डायवर्जन

सीएसएमटी और विद्याविहार के बीच सुबह 10.55 से दोपहर 3.55 बजे तक अप और डाउन स्लो लाइनें ब्लॉक रहेंगी। इस दौरान सीएसएमटी से 10.48 से 15.45 बजे के बीच चलने वाली डाउन स्लो ट्रेनें फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए विद्याविहार पर दोबारा स्लो लाइन में प्रवेश करेंगी। घाटकोपर से चलने वाली अप स्लो सेवाएं भी फास्ट लाइन पर डायवर्ट होकर निर्धारित स्टेशनों पर रुकेंगी।

### बोरीवली और राम मंदिर स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक

रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा रविवार, 16 नवम्बर, 2025 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक बोरीवली और राम मंदिर स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर तथा राम मंदिर एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर पांच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक के दौरान अप फास्ट लाइन की सभी ट्रेनें बोरीवली और अंधेरी स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन पर चलाई जाएंगी। इसी प्रकार, डाउन फास्ट लाइन की सभी ट्रेनें अंधेरी और गोरेगांव स्टेशनों के बीच डाउन स्लो लाइन पर चलाई जाएंगी। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी तथा कुछ अंधेरी और बोरीवली ट्रेनें हार्बर लाइन पर गोरेगांव तक चलाई जाएंगी।

### हार्बर लाइन पर सेवाओं का संचालन प्रभावित

पनवेल और वाशी के बीच सुबह 11.05 से शाम 4.05 बजे तक हार्बर लाइन पर ब्लॉक लागू रहेगा। इस दौरान पनवेल से सीएसएमटी की ओर 10.33 से 15.49 बजे तक चलने वाली अप सेवाएं और सीएसएमटी से बेलापुर/पनवेल की ओर 9.45 से 15.12 बजे तक चलने वाली डाउन सेवाएं रद्द रहेंगी।

### ट्रांस-हार्बर लाइन की कई ट्रेनें रद्द

पनवेल–ठाणे मार्ग पर अप ट्रांस–हार्बर सेवाएं सुबह 11.02 से 15.53 बजे तक और ठाणे–पनवेल मार्ग पर डाउन सेवाएं सुबह 10.01 से 15.20 बजे तक रद्द रहेंगी। हालांकि, ठाणे–वाशी/नेरुल के बीच ट्रांस–हार्बर लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

### विशेष लोकल ट्रेनें और वैकल्पिक सेवाएं उपलब्ध

ब्लॉक अवधि में सीएसएमटी–वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलाई जाएंगी। साथ ही पोर्ट लाइन सेवाएं यथावत उपलब्ध रहेंगी। रेलवे प्रशासन ने बताया कि ये मेगा ब्लॉक सुरक्षा और रखरखाव के लिए आवश्यक हैं और यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

# महाराष्ट्र पवेलियन का हुआ उद्घाटन

**सरकार स्टार्टअप्स, बचत ग्रुप्स को परमानेंट मार्केट देने की कोशिश कर रही है: सामंत**

दीपक पवार । मुंबई

प्रगति मैदान में आयोजित 44वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में महाराष्ट्र पवेलियन का उद्घाटन इंडस्ट्री और मराठी भाषा मंत्री उदय सामंत ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्टार्टअप्स, बचत समूहों और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के तहत तैयार किए गए उत्पादों को सही बाजार उपलब्ध कराने के साथ छोटे उद्योगों के व्यापार विस्तार के लिए लगातार प्रयासरत है।

### उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ



उद्घाटन कार्यक्रम में इंडस्ट्री विभाग के सचिव डॉ. पी. अंबाल्गन, महाराष्ट्र सदन की रेजिडेंट कमिश्नर आर. विमला, महाराष्ट्र स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एमडी विवेक पानसरे और संयुक्त एमडी प्रशाली दिघावकर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मंत्री उदय सामंत ने सभी स्टॉल्स का निरीक्षण किया और उद्यमियों से उनके उत्पादों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस बड़े मंच से स्टार्टअप्स को नई रफ़्तार मिलेगी और निवेश के नए अवसर खुलेंगे।

### महाराष्ट्र को मिला पार्टनर स्टेट का दर्जा

इस वर्ष झारखंड को फोकस स्टेट और उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र तथा राजस्थान को पार्टनर स्टेट का विशेष दर्जा दिया गया है। ऐसे में महाराष्ट्र हॉल का निर्माण राज्य और देश दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण है। 60 स्टॉल्स वाले इस हॉल में सरकारी विभागों, महिला सेल्फ–हेल्प ग्रुप्स, 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और महिला उद्यमियों को प्रमुखता दी गई है।

## ब्रीफ न्यूज़

### मुख्यालय में मनाई गई चाचा नेहरू की जयंती



**भाईंदर।** आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136वीं जयंती मीरा-भाईंदर मनपा मुख्यालय में सादगीपूर्वक मनाई गई, जहां दूसरी मंजिल पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकारी अभियंता नितिन मुकने ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम, आजादी और आधुनिक भारत की नींव रखने में चाचा नेहरू का योगदान अविस्मरणीय है और देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। इस मौके पर आयुक्त सचिव महेश भोसले, शाखा अभियंता यतिन जाधव, शाखा अभियंता प्रशांत जानकार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राकेश पाठक बने उल्हासनगर भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा जिला अध्यक्ष



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वढ़ारिया ने युवा नेता राकेश पाठक को उनकी कार्यकुशलता और पार्टी निष्ठा को देखते हुए उत्तर भारतीय मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। पूर्व में युवा मोर्चा और उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके पाठक को मिली इस जिम्मेदारी से उत्तर भारतीय समाज में खुशी की लहर है, जबकि उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

### वन मंत्री गणेश नाईक का वसई-विरार दौरा, स्वास्थ्य परियोजना का निरीक्षण



**पालघर।** शुक्रवार को माननीय वन मंत्री एवं पालघर जिले के अभिभावक मंत्री गणेश नाईक साहब जनता दरबार यात्रा के तहत वसई-विरार पहुंचे, जहाँ उन्होंने नालासोपारा के अचोले क्षेत्र में प्रस्तावित अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण कर जन स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने वाली परियोजना की समीक्षा की। इसके बाद अगले कार्यक्रम से पहले मंत्री जी मेरे आवास पर आए, जहाँ नालासोपारा के विधायक राजन नाईक, भाजपा वसई-विरार शहर जिला अध्यक्ष प्रज्ञा पाटिल, जिला सचिव मनोज बारोट, बिजेन्द्र कुमार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हर जिले में पत्रकारों के लिए होगी 'एआई' ट्रेनिंग वर्कशॉप




**मुंबई।** हर सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की बढ़ती मांग और इसके महत्व को देखते हुए स्किल, एम्प्लॉयमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन डिपार्टमेंट ने पत्रकारों के लिए एक नई और महत्वपूर्ण पहल की है। महाराष्ट्र के हर जिले में पत्रकारों के लिए 4-दिवसीय AI ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। यह राज्य में इस तरह का पहला बड़ा आयोजन है। इसके साथ ही पत्रकारिता के लिए 'AI फॉर न्यूज़' विषय पर रतन टाटा महाराष्ट्र स्टेट स्किल यूनिवर्सिटी में चार महीने का डिप्लोमा कोर्स शुरू करने का सुझाव भी सामने आया है, जिस पर मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने सकारात्मक रुख दिखाया है।

यह वर्कशॉप रतन टाटा महाराष्ट्र स्टेट स्किल यूनिवर्सिटी और मिनिस्ट्री एंड लेजिस्लेटिव कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के सहयोग से मंत्रालय के प्रेस रूम में आयोजित की गई। कार्यक्रम में वाइस चांसलर डॉ. अपूर्व पालकर, AI एक्सपर्ट किशोर जश्नानी, डिप्टी वाइस चांसलर राजेंद्र तलवार, प्रेसिडेंट दिलीप सपाटे, जनरल सेक्रेटरी दीपक भातुसे और अन्य अधिकारी तथा पत्रकार शामिल हुए।

## मोबाइल यूटीएस सहायकों की नई सुविधा शुरू

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल अपने यात्रियों को एटीवीएम, यूटीएस प्रणाली और मोबाइल यूटीएस जैसे आधुनिक टिकटिंग विकल्प उपलब्ध कराने में हमेशा अग्रणी रहा है। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए मध्य रेल ने 31 अक्टूबर 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर मोबाइल यूटीएस सहायकों की नई सुविधा शुरू की, जहाँ तीन सहायक कॉनकोर्स, होल्डिंग एरिया और स्टेशन परिसर में यात्रियों से मिलकर तुरंत टिकट जारी कर रहे हैं। ये सहायक मोबाइल फोन और पोर्टेबल प्रिंटर से लैस होते हैं और यात्रियों को डिजिटल व नकद—दोनों माध्यमों से भुगतान की सुविधा देते हैं।

### सुविधा से बढ़ी टिकट बिक्री और आय




इस व्यवस्था की शुरुआत के बाद से यात्रियों ने इसे अत्यंत सुविधाजनक पाया है। 31 अक्टूबर से 12 नवंबर 2025 तक मोबाइल यूटीएस सहायकों द्वारा 12,733 टिकट जारी किए गए, जिससे 20.33 लाख रुपये की आय हुई। यह आकड़ा इस नई तकनीक और सेवा के प्रति यात्रियों की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

### अन्य बड़े स्टेशनों पर भी सुविधा का विस्तार

सीएसएमटी के साथ ही नई दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी मोबाइल यूटीएस सहायक तैनात किए गए हैं। यह पहल टिकटिंग को और सरल बनाकर यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। रेलवे ने यात्रियों से इस सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की है, क्योंकि यह समय बचाने वाली और अत्यंत सुविधाजनक है।

### पिपराइच स्टेशन पर नहीं रुकेगी बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पूर्वोत्तर रेलवे के पिपराइच स्टेशन पर चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 16 नवंबर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस पिपराइच स्टेशन पर नहीं रुकेगी। इसी प्रकार, 18 नवंबर, 2025 को बरौनी से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस पिपराइच स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

## बांद्रा–दुर्गापुरा के बीच स्पेशल ट्रेन सेवा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए बांद्रा टर्मिनस से दुर्गापुरा के बीच विशेष किराए पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, यह सेवा दो फेरों में उपलब्ध होगी। ट्रेन संख्या 09730 बांद्रा टर्मिनस से 17 नवंबर को सुबह 10 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 5:30 बजे दुर्गापुरा पहुँचेगी, जबकि वापसी ट्रेन 09729 दुर्गापुरा से 16 नवंबर को दोपहर 12:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 7 बजे बांद्रा पहुँचेगी।

### रूट, स्टॉपेज और कोच व्यवस्था



यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर और बनस्थली निवाई स्टेशनों पर ठहरेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी–2 टियर, एसी–3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास की व्यवस्था भी की गई है।

## नवी मुंबई में 17 नवंबर से शुरू होगा 'कुष्ठ रोगी खोज अभियान'

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका 17 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 तक कुष्ठ रोगियों की शीघ्र पहचान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक "कुष्ठ रोगी खोज अभियान" चलाएगी। मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की 182 टीमें कुल 76,126 घरों में जाकर 3,41,339 की आबादी की स्क्रीनिंग करेंगी। प्रत्येक टीम में एक महिला और एक पुरुष कर्मचारी होगा, जो घरों में जाकर त्वचा पर धब्बे, पसीना न आना, त्वचा का मोटा होना, भौंहों के बाल झड़ना और आँखें बंद न कर पाना जैसे लक्षणों की जांच करेंगे। संदिग्ध मरीजों को तुरंत चिकित्सा अधिकारी के पास निदान के लिए भेजा जाएगा। अभियान के लिए मलिन बस्तियों, निर्माण स्थलों और पत्थर खदानों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों का चयन किया गया है, जिससे अधिक से अधिक अज्ञात मरीजों की पहचान कर उन्हें बहुविध उपचार (MDT) के दायरे में लाया जा सके। अभियान का मकसद नए संक्रामक मरीजों की पहचान, संक्रमण के प्रसार को रोकना और कुष्ठ उन्मूलन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है।

## माजीवाड़ा में 15 नवंबर को होगा निर्मित आधुनिक श्मशान गृह का उद्घाटन

**पालतू जानवरों का भी होगा अंतिम संस्कार**

**ठाणे।** ठाणे में बड़ी संख्या में रहने वाले कुत्तों और बिल्लियों जैसे पालतू जानवरों के अंतिम संस्कार में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए महाराष्ट्र का पहला गैस बर्नर वाला आधुनिक पशु श्मशान गृह माजीवाड़ा में बनाया गया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की संकल्पना पर बने इस श्मशान गृह में एपीसी तकनीक से निर्मित 30 मीटर लंबी चिमनी प्रदूषण को 70% तक कम करेगी। परिसर में आधुनिक बैठने की व्यवस्था, कर्मचारियों के लिए सुसज्जित ऑफिस, पुरुष–महिला शौचालय और प्रवेश द्वार पर सुंदर महादेव मंदिर भी बनाया गया है।



### उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में होगा उद्घाटन

मूक पशुओं और ठाणेकरों को वैज्ञानिक व सम्मानजनक अंतिम विदाई देने के उद्देश्य से निर्मित इस आधुनिक श्मशान गृह का उद्घाटन शनिवार, 15 नवंबर को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक द्वारा किया जाएगा। यह सुविधा शहर में पालतू जानवरों से जुड़ी सेवाओं को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें।

**वृष** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

**मिथुन** व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

**कर्क** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे।

**सिंह** नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। जोखिम न लें। एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है।

**कन्या** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें। घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी।

**तुला** सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक** तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु** भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है।

**मकर** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार–व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच–समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

**कुंभ** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन** स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें।

## अचूक उपाय, पैसा कभी खत्म नहीं होगा

अब हर मंगलवार वह मसूर की दाल शिवजी को चढ़ाता और हाथ जोड़कर कहता है—"प्रभु, आपने मुझे ऋण के बोझ से मुक्त किया।"

एक स्त्री का जीवन दुखों से घिरा हुआ था। कभी बीमारी उसे सताती, कभी घर में कलह, तो कभी धन की कमी। वह अक्सर कहती—"क्यों हर बार एक समस्या जाती है तो दूसरी सामने आ जाती है?" एक दिन उसकी वृद्ध पड़ोसन ने कहा—"बेटी, प्रदोष के दिन प्रदोष काल में दो दीपक जलाना शुरू कर दो। एक बेलपत्री के पेड़ के नीचे और दूसरा अपने घर की चौखट पर दाहिनी ओर। दीपक जलाकर नंदीश्वर से कहना—'जब भी आप प्रदोष काल में शिवजी संग निकलें, मेरे द्वार पर भी कृपा करना।'" स्त्री ने इस प्रयोग को अपनाया। आश्चर्यजनक रूप से उसके घर का कलह समाप्त हुआ। दुखों की जगह धीरे-धीरे सुख आने लगा। अब हर प्रदोष पर वह दीपक लगाती और कहती—"ये दीपक मेरे घर की किस्मत के दीये हैं।"






प्रियंका जैन
9769994439


एक किसान का बेटा गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। कई अस्पतालों में इलाज कराया, पर कोई लाभ नहीं हुआ। परिवार टूट चुका था। तभी एक दिन गांव के बुजुर्ग ने सलाह दी—"सोमवार, सोमवार की अष्टमी या शिवरात्रि पर शमी का फूल और गाय का घी शिवलिंग पर अर्पित करो। फिर तांबे के लोटे में जल, पांच कमलगट्टे और पांच बेलपत्र लेकर शिवलिंग पर चढ़ाओ। ध्यान रहे, एक कमलगट्टा और एक बेलपत्र घर लाकर पूजाघर में रखना।" किसान ने वैसे ही किया। कुछ ही दिनों में बेटे की हालत सुधरने लगी। धीरे-धीरे वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया। डॉक्टर भी हैरान थे। किसान गांववालों से कहता—"मेरे बेटे को जीवन भगवान शिव ने लौटाया है, यह उपाय उनके आशीर्वाद का प्रतीक है।" एक गरीब मजदूर था जो दिन-रात मेहनत करता लेकिन हाथ में पैसा टिकता नहीं था। कभी दवा का खर्चा, कभी कर्ज की किस्त। वह परेशान होकर एक दिन मंदिर में पहुंचा। वहां किसी श्रद्धालु ने उसे बताया—"शुक्रवार को तांबे के लोटे में जल भरकर शिवलिंग पर चढ़ाओ। फिर आंकड़े का फूल या शमी का पत्ता अर्पित करते हुए 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' मंत्र का जाप करो।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हैवानियत: स्कूल में बच्चों को पेशाब में मिलाकर पिलाया पानी

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में एक प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच घटी एक शर्मनाक घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि एक समुदाय विशेष से जुड़े तीन नाबालिग छात्रों ने पानी की बोतल में पेशाब मिलाकर दूसरे समाज के दो बच्चों को पिला दिया। मामला सामने आते ही पीड़ित बच्चों के परिजन स्कूल पहुंच गए और जमकर विरोध जताया। हंगामा बढ़ता देख चांदीनगर थाना प्रभारी और खेकड़ा क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और परिजनों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत किया। अधिकारियों के मुताबिक, घटना ढिकोली गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की है, जहाँ अन्य बच्चों ने भी तीन आरोपित छात्रों को बोतल में पेशाब भरते हुए देखा था। स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि शिकायत और बच्चों के बयान के आधार पर पूरी घटना की पुष्टि कर दी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस कृत्य के पीछे गांव का एक व्यक्ति बच्चों को गलत दिशा में उकसाता है, जिसकी भूमिका भी जांच के दायरे में है। सीओ रोहन चौरसिया ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। प्रधानाचार्य की तहरीर पर आरोपित बच्चों के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### IIT कानपुर से कीजिए ऑनलाइन एमटेक की पढ़ाई



**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए ऑनलाइन एमटेक, एमएससी और स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। यह पहल उन विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए खासतौर पर लाभकारी होगी, जो नौकरी या स्थान संबंधी बाधाओं के कारण कैंपस आधारित कोर्स नहीं कर पाते। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि इन नए ऑनलाइन कार्यक्रमों का लक्ष्य आईआईटी स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा को देश-विदेश के छात्रों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संस्थान की यह पहल समावेशी और सुलभ शिक्षा प्रणाली की ओर अग्रसर एक महत्वपूर्ण कदम है, जहाँ तकनीक और गुणवत्ता दोनों का संतुलन कायम रखा गया है। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि 60 वर्षों से अधिक समय से आईआईटी कानपुर शोध, अनुशासन और नवाचार में अग्रणी रहा है। ऐसे में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा का विस्तार संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और मजबूती देगा। इन कोर्सों की सामग्री लगभग 85 प्रतिशत आईआईटी के नियमित फैकल्टी और अनुभवी अतिथि शिक्षकों द्वारा तैयार की गई है। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ भी सीमित रूप से शामिल किए गए हैं ताकि शिक्षार्थियों को वास्तविक दुनिया की समझ और बहुआयामी दृष्टिकोण मिल सके। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी।

# यूपी कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले किरायेदारी पर स्टाम्प शुल्क में राहत

### चैनमैन के प्रमोशन का रास्ता साफ, बनेंगे लेखपाल

एजेंसी | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में आम जनता और कर्मचारियों से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। बैठक का सबसे बड़ा निर्णय 10 वर्ष तक की अवधि वाले किरायानामा विलेखों पर स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण फीस में दी गई राहत रहा, जिससे किरायेदारी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है।

#### किरायेदारी पर स्टाम्प शुल्क में बड़ी छूट



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि अब 10 वर्ष तक की अवधि के किरायानामा विलेखों पर भारी स्टाम्प शुल्क की बाध्यता नहीं रहेगी। नई व्यवस्था में लोग लिखित किराया समझौता कराएं और उसका पंजीकरण कराएं, जिससे विवाद कम हो। उन्होंने बताया कि अब तक अधिकतर किरायानामे मौखिक होते थे या रजिस्ट्री नहीं कराई जाती थी, जिसके चलते बाद में स्टाम्प शुल्क की कमी मिलने पर कार्रवाई करनी पड़ती थी।

#### चैनमैन के लिए खुला लेखपाल बनने का मार्ग

कैबिनेट ने लेखपाल सेवा नियमावली में संशोधन करते हुए चैनमैन पद से लेखपाल के लिए प्रमोशन का रास्ता खोला है। संशोधित नियमों के अनुसार लेखपाल के कुल पदों में से 2 प्रतिशत पद अब पात्र चैनमैन को पदोन्नति के तहत दिए जाएंगे। यह पहली बार है जब चैनमैन को सीधे भर्ती व्यवस्था से इतर लेखपाल बनने का अवसर मिलेगा। नई व्यवस्था के मुताबिक चैनमैन को छह वर्ष की सेवा और इंटरमीडिएट या समकक्ष योग्यता अनिवार्य होगी। वर्तमान में लेखपाल के 8940 पद रिक्त हैं।

#### पीपीपी मॉडल पर बनेगा मेडिकल कॉलेज

मंत्रिपरिषद ने बागपत जिले के मीतली गांव में 5 .07 हेक्टेयर भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इस भूमि पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर नया मेडिकल कॉलेज तैयार किया जाएगा।

#### वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन की झंझट खत्म

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि अब वृद्धावस्था पेंशन के लिए अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। 'फैमिली आईडी' प्रणाली के आधार पर पात्र वरिष्ठ नागरिकों की पहचान स्वत: हो जाएगी और सहमति मिलते ही पेंशन स्वीकृत कर दी जाएगी। इससे उन लोगों को खास लाभ मिलेगा जो आवेदन प्रक्रिया पूरी न कर पाने के कारण वंचित रह जाते थे।

#### दुकान और वाणिज्य अधिनियम का दायरा बढ़ा

सरकार ने 1962 के दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम में बड़ा संशोधन करते हुए इसे पूरे प्रदेश में लागू कर दिया है। अब ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के सभी बड़े प्रतिष्ठान इस कानून के दायरे में आएंगे। इससे अधिक श्रमिकों को कानूनी संरक्षण और उनके अधिकारों की सुरक्षा मिलेगी। इसके साथ ही क्लीनिक, आर्किटेक्ट, कर सलाहकार, तकनीकी सेवाएं और अन्य पेशेवर प्रतिष्ठान भी अब इस कानून के तहत आएंगे।

## रिटायर्ड फौजी की संदिग्ध दशा में मौत, मिले चोट के निशान

### पत्नी की शिकायत पर FIR दर्ज

शिमला। राजधानी शिमला में एक पूर्व सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सेना से रिटायर होने के बाद शराब की लत से जूझ रहे मृतक का हाल ही में रिहैब सेंटर और आईजीएमसी के मनोरोग वार्ड में इलाज चल रहा था। मौत को लेकर संदेह इसलिए और गहरा गया है क्योंकि चिकित्सा जाँच में उनके शरीर पर गंभीर चोटों और खून के निशान पाए गए हैं। इसी आधार पर मृतक की पत्नी ने पुलिस में शिकायत की है, जिसके बाद गैर-इरादतन हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शिकायत में पत्नी कृष्णा देवी ने बताया कि 12 नवंबर की रात संदीप कुमार नशे की हालत में घर लौटे थे। घर आते समय उनकी नाक से खून बह रहा था और कपड़ों व हाथों पर भी खून के धब्बे थे। स्थिति देखकर उन्होंने रिहैब सेंटर के कर्मचारियों को सूचना दी, जो सुबह करीब 5 बजे उन्हें इलाज के लिए ले गए। दिन में बाद में रिहैब सेंटर से कृष्णा देवी को सूचना मिली कि संदीप कुमार की तबीयत अचानक खराब हो गई है। उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को आईजीएमसी भेजा गया, जहाँ भी उनकी मौत की पुष्टि की गई।

#### मारपीट के कारण मौत की आशंका

आईजीएमसी में पोस्टमार्टम से पहले की मेडिकल जांच में शरीर पर कई चोटें, खरोंचें और नीले निशान पाए गए, जिससे परिवार ने आशंका जताई है कि रात को घर आने से पहले किसी ने उनके साथ मारपीट की होगी। पत्नी का कहना है कि चोटों की गंभीरता मौत की वजह हो सकती है। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए FIR दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। थाना सदर के एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनाक्रम से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच कर रही है, जिसमें मृतक के रिहैब सेंटर में रहने, घर वापसी और अस्पताल ले जाने तक की पूरी श्रृंखला को खंगाला जा रहा है।

## पेड़ से टकराई कार, पिता-पुत्र की मौत

एजेंसी | अमेठी



अमेठी जिले के इन्हौना थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जब तेज़ रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। हादसा इतना गंभीर था कि कार में सवार पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह के अनुसार, मृतकों की पहचान 70 वर्षीय रगबहादुर और उनके 35 वर्षीय पुत्र विनय कुमार उर्फ बबलू के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल राहुल और अमर बहादुर को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया। चारों लोग थाना कमरौली क्षेत्र के कठौरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने वाहन को सील कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज़ रफ्तार और नियंत्रण खोना हादसे की मुख्य वजह मानी जा रही है। अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

#### बेटी के घर से लौटते समय हादसा

जानकारी के मुताबिक, सभी लोग श्यामपुर महराजगंज में लड़की के घर से लौट रहे थे। नाला पार करने से पहले कार अचानक बेकाबू हो गई और तेज रफ्तार के चलते सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।

## दिल्ली पुलिस के वाहनों का काफिला बढ़ा

### 55 नई पीसीआर वैन और 156 मोटरसाइकिलें शामिल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली पुलिस ने अपने वाहन बेड़े में 55 नई पीसीआर वैन और 156 रिफर्बिश्ड ओम्नी मोटरसाइकिलें शामिल की हैं। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में पुलिस आयुक्त सतीश गोल्चा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इन वाहनों को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नए वाहनों के जुड़ने से उन इलाकों में प्रतिक्रिया समय कम होगा, जहाँ पहुंचना पहले चुनौतीपूर्ण था—विशेषकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, घनी आबादी वाले मोहल्ले और लंबी दूरी वाले ज़ोन।




#### कई महत्वपूर्ण जिलों में तैनाती

नई पीसीआर वैन को दिल्ली के द्वारका, बाहरी-उत्तरी, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम, रोहिणी, बाहरी तथा दक्षिण-पूर्वी जिलों में भेजा जा रहा है। इसका उद्देश्य कवरेज बढ़ाना, गश्त को तीव्र करना और आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया समय को न्यूनतम करना है।156 ओम्नी मोटरसाइकिलों को दोबारा तैयार कर पुलिस बेड़े में शामिल किया गया है, जो न केवल तंग बाजारों और गलियों में तेजी से पहुंच सुनिश्चित करेंगी बल्कि लोकेशन-आधारित अपराधों पर तुरंत नियंत्रण पाने में भी सहायक होंगी। पुलिस का कहना है कि इन मोटरसाइकिलों की तैनाती से फुट पेट्रोलिंग और छोटे अपराधों पर निगरानी और मज़बूत होगी। नए वाहनों के शामिल होने के बाद दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन की कुल संख्या बढ़कर 857 हो गई है, जो पहले 802 थी।

## सम्मान निधि: 19 नवंबर को खाते में आई 21वीं किश्त

### अब तक 11 करोड़ किसानों को मिला 3.70 लाख करोड़ रुपये का लाभ



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 19 नवंबर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त देशभर के किसानों को जारी करेंगे। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में सीधे लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 3.70 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि भेजी जा चुकी है। पीएम-किसान योजना, जो 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई थी, पात्र किसानों को हर वर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में उपलब्ध कराती है। योजना का लाभ पाने के लिए किसानों का भूमि रिकॉर्ड पोर्टल पर दर्ज होना, बैंक खाता आधार से लिंक होना और ई-केवाईसी पूरा होना अनिवार्य है। कृषि मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के लाभार्थियों में 25 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो इसे समावेशी कृषि सुधारों की दिशा में एक मजबूत कदम बनाता है। सरकार के अनुसार, तकनीक आधारित ढांचा और किसान-केंद्रित डिजिटल प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि सहायता बिना किसी बाधा के सटीक लाभार्थी तक पहुंच सके। योजना से प्राप्त राशि का उपयोग किसान अपनी खेती से जुड़ी जरूरतों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने में भी कर रहे हैं। कृषि मंत्रालय ने यह भी बताया कि किसानों की पहचान और पारदर्शिता को और मजबूत करने के लिए 'किसान रजिस्ट्री' तैयार की जा रही है। यह नया डेटाबेस किसानों को अलग-अलग योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए लंबे और जटिल प्रक्रियाओं से छुटकारा दिलाएगा, जिससे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से खेत-खेत तक पहुंच सकेगा।

## व्यापार जगत

# अमेरिका, यूरोपीय संघ से एफटीए वार्ता में तेज़ी: पीयूष गोयल

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत इस समय अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली सहित कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाओं में कमी से वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के निर्बाध प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सभी साझेदार देशों को लाभ होगा। गोयल शुक्रवार को विशाखापत्तनम में आयोजित सीआईआई पार्टनरशिप समिट 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत, आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर नई दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर एक अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर 'आंध्र मंडपम' विकसित करने में सहयोग करने को तैयार है। उनके अनुसार, यह केंद्र राज्य के नेतृत्व और उसकी बढ़ती आर्थिक क्षमता का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ व्यापार वार्ताओं को आगे बढ़ा रहा है और अमेरिका, यूरोपीय संघ, ओमान, न्यूजीलैंड, चिली और पेरू के साथ चर्चाएँ प्रगति पर हैं। साथ ही कई अन्य देश भी भारत के साथ एफटीए बातचीत शुरू करने को उत्सुक हैं।

#### चार देशों से है मुक्त व्यापार समझौता



गोयल ने बताया कि भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के चार देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुका है। उनके अनुसार, ये समझौते भारत की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं, जिसके तहत वैश्विक व्यापार में बाधाएँ कम कर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापार को आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार ने अनेक सुधार लागू किए हैं। अब तक 42,000 अनुपालनों को समाप्त किया गया है और 1,500 पुराने कानूनों को हटाया गया है, जिससे कारोबारी माहौल अधिक सुगम हुआ है।

## खाद्य व ईंधन कीमतों में गिरावट से मिली राहत

### अक्टूबर में थोक महंगाई दर फिसलकर -1.21% पर

एजेंसी | नई दिल्ली

आम उपभोक्ताओं के लिए महंगाई के मोर्चे पर राहतभरी खबर आई है। खुदरा मुद्रास्फीति में कमी के बाद थोक महंगाई दर (WPI आधारित) भी अक्टूबर महीने में sharply गिरकर -1.21% पर पहुंच गई। सितंबर में यही दर 1.44% थी। यह कमी मुख्यतः दालों, सब्जियों, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, थोक महंगाई दर सालाना आधार पर अक्टूबर में नकारात्मक स्तर पर आ गई, जबकि पिछले वर्ष सितंबर में यह 0.13% और पिछले वर्ष अक्टूबर में 2.75% थी। मंत्रालय ने बताया कि खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम, बिजली, खनिज तेलों और बेसिक मेटल्स की कीमतों में गिरावट ने कुल महंगाई दबाव को काफी कम किया।



#### खाद्य वस्तुओं में अपस्फीति तेज

थोक कीमतों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं में अपस्फीति अक्टूबर में बढ़कर 8.31% हो गई, जो सितंबर में 5.22% थी। प्याज, आलू, दालों और अन्य सब्जियों की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट ने इस रुझान को और मजबूत किया।

#### ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं में भी नरमी

विनिर्मित उत्पादों की महंगाई सितंबर के 2.33% से घटकर 1.54% पर आ गई। ईंधन और बिजली श्रेणी में भी कीमतों में गिरावट दिखी और अक्टूबर में मुद्रास्फीति दर -2.55% रही, जो सितंबर में 2.58% थी।

## बाजार पर बिहार चुनाव का असर, सेंसेक्स 241 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों की शुरुआती तस्वीर सामने आते ही शेयर बाजार में कमजोरी देखने को मिली। वोटों की गिनती जारी रहने के कारण निवेशकों ने जोखिम लेने से परहेज किया, जिसका सीधा असर शुक्रवार सुबह के कारोबार पर पड़ा। शुरुआती सत्र में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 240.61 अंक यानी 0.28% गिरकर 84,238.06 पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 106.40 अंक (0.41%) टूटकर 25,772.75 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। बाज़ार विशेषज्ञों के अनुसार, चुनावी नतीजों में जितनी स्पष्टता आएगी, उतना ही बाजार का रुझान भी साफ होगा। निवेशक फिलहाल स्थिति का आकलन कर रहे हैं और किसी बड़े कदम से बच रहे हैं।

## बॉल कॉर्पोरेशन ने श्री सिटी यूनिट में निवेश की घोषणा की | आंध्रा में 60 मिलियन डालर का निवेश

**नई दिल्ली।** सस्टेनेबल एल्युमीनियम पैकेजिंग बनाने वाली वैश्विक अग्रणी कंपनी बॉल कॉर्पोरेशन ने भारत में अपने विस्तार को और गति देते हुए आंध्र प्रदेश स्थित श्री सिटी मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट में 60 मिलियन डॉलर का नया निवेश करने की घोषणा की है। कंपनी इससे पहले 2024 में मुंबई के पास तालोजा स्थित संयंत्र में 55 मिलियन डॉलर का निवेश कर चुकी है। कंपनी के अनुसार, नया निवेश एशिया के तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजारों में अपनी आपूर्ति क्षमता को मजबूत करने और भारतीय ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। कंपनी 185 मिली से लेकर 500 मिली तक कई फॉर्मेट में बेवरेज केन तैयार करती है, जिन्हें भारत और वैश्विक ब्रांड बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करते हैं। बॉल बेवरेज पैकेजिंग ईएमईए एंड एशिया की प्रेसिडेंट मैंडी ग्ल्यू ने कहा कि भारत कंपनी की वैश्विक योजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने बताया कि उच्च वृद्धि क्षमता वाले बाजारों में विस्तार और प्रतिस्पर्धा से आगे रहने की रणनीति के तहत तालोजा व श्री सिटी में उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाया जा रहा है। कंपनी भारतीय बाजार में नए निवेश विकल्पों पर भी सक्रिय रूप से विचार कर रही है, क्योंकि अधिक ब्रांड और उपभोक्ता एल्युमीनियम पैकेजिंग अपना रहे हैं।

#### बेवरेज केन बाजार को मिलेगा बूस्ट

उन्होंने कहा कि बॉल का यह निवेश भारत में तेजी से बढ़ रहे बेवरेज केन बाजार को गति देगा, जिसकी वृद्धि दर अगले पाँच वर्षों में लगभग 10 प्रतिशत वार्षिक रहने का अनुमान है। ग्ल्यू के अनुसार, पर्यावरण-अनुकूल और सुविधाजनक पैकेजिंग विकल्पों की ओर बढ़ती उपभोक्ता रुचि के कारण डेयरी तथा रेडी-टू-ड्रिंक पेय श्रेणी में एल्युमीनियम केन की माँग तेजी से बढ़ रही है। कंपनी की रिटॉर्ट इनोवेशन टेक्नोलॉजी उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, स्वाद बनाए रखने और पोषण सुरक्षित रखने में मदद करती है। बॉल बेवरेज पैकेजिंग इंडिया के रीजनल कमर्शियल डायरेक्टर (एशिया) मनीष जोशी ने कहा कि यह निवेश भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने बताया कि इससे कंपनी ग्राहकों को अधिक गति, लचीलापन और विश्वसनीयता के साथ सेवाएं प्रदान कर सकेगी। जोशी ने स्थानीय कौशल विकास, सप्लायर नेटवर्क और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की।

## 'अस्पताल और बीमा कंपनी के बीच तालमेल जरूरी'

### डीएफएस सचिव ने कहा- स्वास्थ्य खर्च नियंत्रण पर लगाएं जोर

**नई दिल्ली।** बढ़ती चिकित्सा लागत और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में तेजी पर चिंता जताते हुए वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच समन्वय को और मजबूत बनाने की आवश्यकता रेखांकित की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती और मरीजों के लिए अधिक आसान बनाने के लिए दोनों क्षेत्रों का एकसाथ काम करना समय की मांग है। 13 नवंबर को आयोजित इस समीक्षा बैठक में सचिव ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया कि वे पॉलिसीधारकों को खासकर अस्पताल में भर्ती होने और दावा निपटान के दौरान बेहतर, सुगम और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को अनावश्यक देरी या जटिलताओं से राहत मिलनी चाहिए।

#### दावा एक्सचेंज से जुड़ें कंपनियां



सचिव नागराजू ने सुझाव दिया कि अस्पताल और बीमा कंपनियां राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज से तेजी से जुड़ें, ताकि दावों के निस्तारण में पारदर्शिता और फुर्ती आए। साथ ही, उपचार प्रोटोकॉल और पैनल निर्धारण के मानदंडों को एकरूप करने पर भी जोर दिया। उनके अनुसार, इससे कैशलेस सुविधाएं अधिक सहज होंगी, अस्पतालों का प्रशासनिक बोझ घटेगा और पॉलिसीधारकों को निर्बाध सेवा मिलेगी। बैठक में जनरल इंश्योरेंस काउंसिल, एएचपीआई, मैक्स हेल्थकेयर, फोर्टिस, अपोलो समेत प्रमुख अस्पताल समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2025

# रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम घोषित

एजेंसी । नई दिल्ली

तमिलनाडु में अगले महीने शुरू होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप 2025 के लिए भारत की 18 सदस्यीय टीम का ऐलान हो गया है। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषित टीम की बागडोर डिफेंडर और प्रभावशाली ड्रैगफ्लिकर रोहित को सौंपी है। यह टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित होगा। टीम का नेतृत्व पूर्व अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश कर रहे हैं। भारत पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना चिली, स्विट्ज़रलैंड और ओमान से होगा। ओमान को पाकिस्तान की जगह स्थान दिया गया है।

हाल ही में सुल्तान ऑफ जोहोर कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत को रजत पदक दिलाने वाले रोहित को कप्तानी का जिम्मा सौंपा गया है। गोलकीपर के रूप में बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह टीम में शामिल किए गए हैं।

### रक्षा, मिडफील्ड और अटैक में संतुलित संयोजन



रक्षा पंक्ति में कप्तान रोहित के साथ अमीर अली, अनमोल एक्का, तालेम प्रियोबार्ता, सुनील पलक्षप्पा बेन्नूर और अनुभवी शारदानंद तिवारी टीम को मजबूती देंगे। मिडफील्ड की जिम्मेदारी अंकित पाल, अडरोहित एक्का, थौनोजम इंगलेम्बा लुवांग, मनमीत सिंह और रोसन कुजुर संभालेंगे। फॉरवर्ड लाइन में अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, दिलराज सिंह और सीनियर स्तर का अनुभव रखने वाले गुरजोत सिंह शामिल हैं। रवनीत सिंह और रोहित कुल्लू को अतिरिक्त खिलाड़ियों के तौर पर चुना गया है। टीम को अपने प्रमुख स्ट्राइकर अराइजित सिंह हुंदल की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### कोच श्रीजेश बोले—अनुभव और फिटनेस पर दिया जोर

कोच पी.आर. श्रीजेश ने टीम चयन को लेकर कहा कि यह दल अनुभव, फिटनेस और कौशल के आधार पर तैयार किया गया है। खिलाड़ियों ने पिछले महीनों में अंतरराष्ट्रीय और सीनियर टीम के खिलाफ कई मुकाबले खेलकर खुद को तैयार किया है।

भारत की 18 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में गोलकीपर विक्रमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर रोहित (कप्तान), तालेम प्रियोबार्ता, अनमोल एक्का, अमीर अली, सुनील पलक्षप्पा बेन्नूर, शारदानंद तिवारी, मिडफील्डर अंकित पाल, थौनोजम इंगलेम्बा, लुवांग, अडरोहित एक्का, रोशन कुजुर, मनमीत सिंह, गुरजोत सिंह, फॉरवर्ड अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, दिलराज सिंह और अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में रवनीत सिंह व रोहित कुल्लू को जगह दी गई है।

# फीफा विश्व कप में फ्रांस ने किया प्रवेश



## यूक्रेन को 4–0 से हराया 2026 फीफा विश्व कप में खोला दरवाजा

एजेंसी । पेरिस

फ्रांस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन को 4–0 से पराजित कर फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया। मुकाबले में किलियन एमबाप्पे ने दो गोल किए, जबकि माइकल ओलीसे और ह्यूगो एकिटिके ने एक-एक गोल दागा। यह मैच 2015 पेरिस आतंकी हमलों के पीड़ितों को समर्पित था। पार्क दे प्रिंसेस में खेले गए इस मुकाबले में कप्तान एमबाप्पे ने दूसरे हाफ की शुरुआत में पेनल्टी से खाता खोला। 76वें मिनट में ओलीसे ने बढ़त 2–0 कर दी, जिसके बाद एमबाप्पे ने अपना दूसरा गोल दागा। अंतिम क्षणों में एकिटिके ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला गोल करते हुए जीत को 4–0 पर सील कर दिया। किक-ऑफ से पहले स्टेडियम में मौजूद 41,000 दर्शकों ने पेरिस और आसपास हुए 2015 के आतंकी हमलों की 10वीं बरसी पर एक मिनट का मौन रखा। इन हमलों में 130 लोगों की जान गई थी, जिनमें से अधिकांश बाटाकलां कॉन्सर्ट हॉल में मारे गए थे।

फ्रांस के कोच डिडिएर डेशैंप्स, जो 2015 में भी टीम के प्रभारी थे, पहले ही साफ कर चुके हैं कि 2026 विश्व कप उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। एक मैच शेष रहते फ्रांस ने यूरोपीय क्वालिफाइंग ग्रुप डी में आइसलैंड और यूक्रेन पर 6 अंकों की अजेय बढ़त कायम कर ली है।

# एटीपी फाइनल्स: कार्लोस अल्कराज ने मुस्सेती को हराया

एजेंसी । ट्यूरिन



स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने गुरुवार को लोरेन्जो मुस्सेती को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से मात देकर एटीपी फाइनल्स में शानदार जीत दर्ज की। इसी के साथ 22 वर्षीय अल्कराज ने वर्ष 2025 को विश्व नंबर-1 खिलाड़ी के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य भी पूरा कर लिया। इस जीत ने उन्हें उनके सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी जानिक सिनर से रैंकिंग में आगे पहुंचा दिया है।

नए सप्ताह में जारी होने वाली रैंकिंग में अल्कराज निर्विवाद रूप से शीर्ष पर रहेंगे। मुस्सेती पर जीत के बाद वे जिमी कॉनर्स ग्रुप में भी पहले स्थान पर काबिज हो गए। इस सीजन 70 जीत दर्ज कर चुके अल्कराज सेमीफाइनल हार भी जाएं, तब भी उनकी नंबर-1 पोजीशन सुरक्षित रहेगी।

### एक और फाइनल टक्कर की संभावना

अल्कराज अपनी लय में दिख रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि फाइनल में उनकी भिड़ंत एक बार फिर इटली के जानिक सिनर से हो सकती है, जिन्होंने ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस सीजन में दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मुकाबले हुए हैं, जिनमें से चार अल्कराज के नाम रहे। इनमें फ्रेंच ओपन का क्लासिक फाइनल भी शामिल है।

अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए अल्कराज ने कहा, साल का नंबर-1 बनना हर खिलाड़ी का सपना होता है। सिनर के लगातार खिताब जीतने के कारण यह आसान नहीं था, लेकिन पूरी टीम की मेहनत रंग लाई। मुझे गर्व है कि हम यहां तक पहुंचे।

### थके हुए नज़र आए मुस्सेती

नोवाक जोकोविच के हटने के बाद अंतिम समय पर टूर्नामेंट में जगह पाने वाले विश्व नंबर-9 लोरेन्जो मुस्सेती पूरी तरह थकान से जूझते दिखाई दिए। पहले सेट में संघर्ष करने के बाद दूसरा सेट लगभग एकतरफा हो गया।

मुस्सेती ने मैच के बाद कहा, शारीरिक रूप से मैं बहुत थक चुका था। पिछले हफ्तों में कई कठिन मैच खेले थे। आज जीतने के लिए किसी चमत्कार की जरूरत थी। उनकी हार के साथ उनका एटीपी फाइनल्स अभियान समाप्त हो गया है। साथ ही वे अगले हफ्ते बोलोग्ना में होने वाले डेविस कप फाइनल 8 में भी अनुपस्थित रहेंगे।

फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर

# आयरलैंड की चौंकाने वाली जीत

## पुर्तगाल 2-0 से धराशायी, रोनाल्डो को रेड कार्ड

एजेंसी । नई दिल्ली

विश्व कप 2026 क्वालीफायर के मुकाबले में गुरुवार को फुटबॉल जगत को बड़ा झटका लगा, जब आयरलैंड ने दिग्गज पुर्तगाल को 2-0 से मात देकर ग्रुप एफ की स्थिति पूरी तरह बदल दी। मैच का सबसे नाटकीय पल उस समय आया, जब पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को दूसरे हाफ में रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया।




### क्वालीफिकेशन समीकरण अब पेचीदा

इस हार के बावजूद पुर्तगाल 10 अंकों के साथ ग्रुप एफ में शीर्ष पर है, लेकिन उनका आखिरी ग्रुप मैच अब 'करो या मरो' जैसे हालात में बदल गया है। हंगरी 8 अंकों के साथ और आयरलैंड 7 अंकों के साथ पीछे हैं। अगर रोनाल्डो पर लंबे समय का प्रतिबंध लगता है, तो उनके विश्व कप की शुरुआत छूटने का खतरा भी मंडरा सकता है। 2002 के बाद पहली बार विश्व कप में जगह बनाने की उम्मीद के साथ खेल रही आयरलैंड की टीम ने खेल का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।

एशियन आर्चरी चैंपियनशिप

# भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने जीता स्वर्ण

**ढाका।** एशियन आर्चरी चैंपियनशिप में भारतीय तीरंदाजों ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष रिकर्व टीम इवेंट का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। भारत की तिकड़ी—यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल—ने खिताबी मुकाबले में दिग्गज कोरिया को 5-4 से मात देकर इतिहास रच दिया।




फाइनल मुकाबला उतार-चढ़ाव और रोमांच से भरपूर रहा। पहले दो सेट 56-56 की बराबरी पर समाप्त हुए। तीसरे सेट में कोरिया ने बेहतरीन शूटिंग करते हुए 57-51 से सेट और बढ़त दोनों हासिल कर ली। स्कोर कोरिया के पक्ष में 4-2 हो गया था। चौथे सेट में भी मुकाबला बराबरी पर ही जा सकता था, लेकिन कोरिया के दो खराब शॉट—एक 7 और एक 8—ने मैच का पूरा रुख पलट दिया। भारत ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए 57 अंक जुटाए और मैच को निर्णायक शूट-ऑफ में पहुंचा दिया।

शूट-ऑफ में दोनों टीमों ने दो 10 और एक 9 मारकर 29-29 अंक बनाए, लेकिन भारत का 10 वाला तीर लक्ष्य के केंद्र के सबसे करीब था, जिसने उसे स्वर्ण पदक दिलाया। अब तक भारत इस चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और दो रजत सहित कुल छह पदक जीत चुका है, और अभियान अभी जारी है। मिक्स्ड टीम ब्रॉन्ज मैच में भारत को कोरिया की जोड़ी जांग मिनही और सियो मिंगी से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा। कोरिया ने तीनों सेटों में 38-35, 38-37 और 39-34 से जीत दर्ज की।

बॉ ली वु ड

'बैटल ऑफ गलवान' के लिए

# सलमान खान की कड़ी तैयारियां शुरू

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर पूरी तरह समर्पित हैं। उनकी पिछली रिलीज 'सिकंदर', जो ईद 2025 पर आई थी, बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई। ऐसे में अभिनेता अब अपनी अगली फिल्म को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते और उसी का नतीजा है कि वह फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

सलमान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नई तस्वीर शेयर की, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गई। इस फोटो में सलमान बैकस्टेज वर्कआउट करते दिखाई दे रहे हैं। वह लेग एक्सरसाइज़ करते दिख रहे हैं, जबकि उनके भाई सोहेल खान उनके पैर को सपोर्ट देते नजर आ रहे हैं। फोटो सामने आते ही फैंस ने कमेंट्स की बारिश कर दी। एक यूजर ने लिखा, "भाईजान का जलवा है।" वहीं दूसरे ने मजाक में लिखा, "भाई तो भाई हैं, मजाक नहीं है।" सोशल मीडिया पर सलमान की मेहनत और डेडिकेशन की खूब सराहना हो रही है।

गौरतलब है कि 'बैटल ऑफ गलवान' अगले साल 2026 में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म सलमान के लिए एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में देखी जा रही है, और अभिनेता अपनी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन तथा फिटनेस को लेकर लगातार अपडेट शेयर कर रहे हैं।



# कैटरीना कैफ मां बनने के 7 दिन बाद अस्पताल से लौटीं घर

अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल हाल ही में माता-पिता बने हैं। 7 नवंबर को कैटरीना ने मुंबई के एच.एन. रिलायंस अस्पताल में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया था। मां बनने के सात दिन बाद अब कैटरीना को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। खास बात यह है कि अभिनेत्री बाल दिवस के दिन अपने नन्हें बेटे को लेकर घर लौटीं, और इस भावुक पल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि विक्की कौशल अपनी पत्नी और नवजात बेटे का खास ख्याल रखते नजर आए। दोनों बेहद शांत और निजी अंदाज़ में अस्पताल से बाहर निकले, जिससे यह साफ झलकता है कि वे अपने बच्चे की प्राइवेसी को लेकर बेहद सजग हैं। कैटरीना को घर ले जाने के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम भी किए गए थे। बेटे के जन्म की घोषणा कपल ने 7 नवंबर को सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट के साथ की थी। उन्होंने लिखा था, ₹हमारी खुशियों की सौगात आ गई है खूब सारा प्यार और आभार के साथ हम अपने बेटे का स्वागत करते हैं। 7 नवंबर 2025, कैटरीना और विक्की।₹ इस संदेश के बाद से बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ और फैन्स की ओर से बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। कैटरीना और विक्की ने 9 दिसंबर 2021 को राजस्थान में एक निजी और भव्य समारोह में शादी की थी। शादी के चार साल बाद उन्होंने मातृत्व और पितृत्व की इस नई यात्रा की शुरुआत की है। दोनों के करीबी सूत्रों के मुताबिक, कपल इन दिनों अपने बेटे के साथ क्वालिटी टाइम बिताने पर पूरी तरह फोकस कर रहा है और जल्द किसी भी प्रोफेशनल कमिटमेंट पर लौटने की कोई जल्दबाज़ी नहीं है। फैंस अब उत्सुक हैं कि कैटरीना कब अपने बेटे की पहली झलक दुनिया के साथ शेयर करेंगी, लेकिन फिलहाल कपल अपने छोटे से परिवार के साथ इस नए सुखद अध्याय का आनंद उठा रहा है।



# 'किस किसको प्यार करूं 2' का मस्तीभरा गाना 'फुर्र' रिलीज




कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने लौट रहे हैं। हालांकि फिल्म की रिलीज में अभी समय है, लेकिन मेकर्स ने इसका पहला गाना 'फुर्र' रिलीज कर दिया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा बटोरी। गाने को जोश बरार और यो यो हनी सिंह ने अपनी आवाज और रैप से सजाया है, वहीं कपिल का एनर्जेटिक डांस और उनका ट्रेडमार्क पंजाबी स्वैग इसे एक परफेक्ट पार्टी एंथम बना रहा है। फैंस गाने की बीट्स, विजुअल्स और कपिल की स्क्रीन प्रेजेंस की जमकर तारीफ़ कर रहे हैं। गाने की कोरियोग्राफी रजित देव ने की है, जबकि इसका निर्देशन मिहीर गुलाटी ने संभाला है। 'फुर्र' में कपिल के साथ पारुल गुलाटी, आयशा खान और त्रिधा चौधरी भी नजर आ रही हैं, जिन पर यह गाना खूबसूरती से फिल्माया गया है। कपिल शर्मा ने गाने को रिलीज करते हुए लिखा, ₹नाचने, झूमने और फुर्र होने के लिए तैयार हो जाइए।₹ उनका यह कैप्शन भी सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया।

फिल्म अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में बनी है और यह 2015 में आई सुपरहिट कॉमेडी 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है।

# नवंबर के आखिरी हफ्ते से शुरू होगी प्रभास 'स्पिरिट'

सुपरस्टार प्रभास जहां अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' के लिए सुर्खियों में हैं, वहीं उनकी दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' भी चर्चाओं का केंद्र बनी हुई है। 'एनिमल' जैसी ब्लॉकबस्टर देने वाले निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इस मेगा-प्रोजेक्ट का निर्देशन कर रहे हैं, और हाल ही में उन्होंने फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट शेयर किया है, जिसने फैंस में उत्साह और बढ़ा दिया है। हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि 'स्पिरिट' की शूटिंग नवंबर 2025 के आखिर में शुरू हो जाएगी। प्रभास के साथ इस फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में शूटिंग शुरू होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। फिल्म में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी, जो आजकल बॉलीवुड और साउथ दोनों इंडस्ट्री में पॉपुलर चेहरा बन चुकी हैं। बीते दिनों खबरें थीं कि चिरंजीवी फिल्म में प्रभास के पिता का किरदार निभा सकते हैं, लेकिन संदीप रेड्डी ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि चिरंजीवी किसी भी रूप में फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे।



# 'आतंक' के तीन और डॉक्टर गिरफ्तार

▶▶ एक इमाम को भी दबोचा गया

▶▶ डॉ. मुस्तकीम का चीन कनेक्शन आया सामने

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली में हुए ब्लास्ट के बाद हरियाणा का नूंह जिला जांच एजेंसियों के रडार पर आ गया है। पिछले एक सप्ताह में यहां से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया जा चुका है, जिनमें तीन एमबीबीएस डॉक्टर, एक खाद विक्रेता और एक इमाम शामिल बताया जा रहा है। लगातार हो रही कार्रवाई से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।



### दो की पढ़ाई अल-फलाह यूनिवर्सिटी से चल रही

गुरुवार देर रात फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में केंद्रीय जांच एजेंसियों ने दो और डॉक्टरों को उठाया। हिरासत में लिए गए युवकों की पहचान सुनहेड़ा निवासी डॉ. मुस्तकीम और अहमदबास निवासी डॉ. मोहम्मद के रूप में हुई है। दोनों की पढ़ाई अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) से चल रही थी।

### डॉ. मुस्तकीम ने चीन से किया था एमबीबीएस

सूत्रों के अनुसार, डॉ. मुस्तकीम ने चीन से एमबीबीएस किया था और 2 नवंबर को अल-फलाह यूनिवर्सिटी में अपनी इंटर्नशिप पूरी की थी। वहीं डॉ. मोहम्मद भी वहीं से एमबीबीएस कर इंटर्नशिप कर रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों की पहचान और नजदीकी संबंध संदिग्ध आतंकी उमर से थे।

### डॉ. रिहान निजी अस्पताल में कर रहा था काम

उमर की कार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सीसीटीवी में कैद हुई थी, जिसका वीडियो वायरल है। इससे पहले भी नूंह से एक डॉक्टर और एक खाद विक्रेता को हिरासत में लिया गया था। खाद विक्रेता पर अमोनियम नाइट्रेट बेचने का शक जताया गया है। नूंह शहर से कुछ दिन पहले डॉ. रिहान को भी उठाया गया था, जो तावडू के एक निजी अस्पताल में कार्यरत थे और अल-फलाह से ही पढ़े थे। लगातार मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों की गिरफ्तारी से अभिभावकों में भारी चिंता व्याप्त है, क्योंकि मेवात क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र अल-फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हैं।

### दो बार सुनहेडा गांव पहुंची जांच टीम

डॉ. मुस्तकीम के परिजनों ने पुष्टि की कि उन्हें फरीदाबाद सीआईए की टीम लेकर गई है। परिजनों के अनुसार, दिल्ली ब्लास्ट के बाद जांच एजेंसियों के दो अधिकारी सुनहेड़ा गांव पहुंचे थे और कई घंटों तक डॉ. मुस्तकीम से आमने-सामने पूछताछ भी की थी, लेकिन तब उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया था। इसके बाद गुरुवार को दोबार से जांच टीम गांव में पंहुची और मुस्तकीम को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर गई। परिवार का कहना है कि मुस्तकीम का चाल-चलन अच्छा था और वह किसी भी गलत गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता।

### राजनीतिक और शिक्षित घराने से हैं डॉ. मोहम्मद

फिरोजपुर झिरका के अहमदबास निवासी डॉ. मोहम्मद का परिवार नूंह जिले के शिक्षित और राजनीतिक घराने से माना जाता है। इलाके में उनका अच्छा प्रभाव है। हिरासत में लिए जाने के बाद से उनके घर पर सन्नाटा पसरा है और कोई भी मामले पर बोलने को तैयार नहीं है।

### जांच एजेंसियों की नजरें अभी भी नूंह पर

एनआईए, दिल्ली पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां लगातार क्षेत्र में छापेमारी कर रही हैं। शुक्रवार को भी जांच टीमें जिले के कई स्थानों पर पहुंचीं और लोगों से पूछताछ की। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### अब तक के अपडेट्स

- खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है अब तक गिरफ्तार 8 आतंकियों ने बताया कि वे 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद ढहाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत देशभर में कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था।
- जांच एजेंसियों ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी से 2019 से अब तक के रिकॉर्ड मांगे हैं। फंडिंग की जांच होगी।
- सुरक्षा बलों ने पिछले 3 दिन में कश्मीर में 500 लोकेशन पर छापा मारा है। 600 लोग हिरासत में लिए गए हैं।

# बड़ी कार्रवाई : आतंकी उमर का मकान विस्फोटक से उड़ाया

▶▶ दिल्ली धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सख्त कार्रवाई

▶▶ मां के डीएनए परीक्षण से हुई डा. उमर उन नबी की पहचान



**एजेंसी । श्रीनगर**

दिल्ली में हुए भीषण कार विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलवामा में आरोपित डॉ. उमर उन नबी के घर को विस्फोटक की मदद से जमींदोज़ कर दिया। जांच टीमों द्वारा घटनास्थल से जुटाए गए डीएनए नमूनों का मिलान उमर की मां के नमूनों से किया गया, जिसके बाद उसकी पहचान की पुष्टि हुई। अधिकारियों के अनुसार, यह ऑपरेशन गुरुवार और शुक्रवार की रात के बीच चलाया गया। सोमवार रात लाल किले के निकट हुए इस हमले में 13 लोगों की मौत तथा कई अन्य घायल हुए थे। जांच में सामने आया कि विस्फोटकों से भरी आई-20 कार को चलाने वाला व्यक्ति डॉ. उमर ही था।

### सीसीटीवी फुटेज में हुई स्पष्ट पहचान

सुरक्षा एजेंसियों को मिले नवीनतम सीसीटीवी फुटेज में उमर को 10 नवंबर की सुबह हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका स्थित मेवात टोल प्लाजा पर देखा गया। इससे पहले वह बदरपुर बॉर्डर से आई-20 कार में दिल्ली में प्रवेश करते हुए भी कैमरे में कैद हुआ था। यद्यपि उसने मास्क पहन रखा था, फिर भी फुटेज में उसकी पहचान स्पष्ट हो गई।

### पिछली सीट पर रखा था बड़ा बैग

वीडियो में कार की पिछली सीट पर रखा बड़ा बैग भी दिखाई दे रहा है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां जांच आगे बढ़ा रही हैं। टोल पर भुगतान करते समय कैमरे में उसकी सीधी नजरें इस ओर संकेत करती हैं कि वह निगरानी से अवगत था। सुरक्षा बल अब उमर के नेटवर्क, उसकी गतिविधियों और हमले से जुड़े संभावित सहयोगियों की तलाश में जुटे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली आतंकी हमले का समर्थन करने पर 20 अरेस्ट

**गुवाहाटी।** दिल्ली में हुए आतंकी हमले को सोशल मीडिया पर समर्थन देने वालों के खिलाफ असम पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्यभर में व्यापक अभियान चलाया। विभिन्न जिलों में की गई छापेमारी में 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्य सरकार ऐसे सभी तत्वों पर करीबी नजर रखे हुए है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए लोगों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आतंकी हमले के आरोपितों के पक्ष में टिप्पणी करने, पोस्ट साझा करने और प्रतिक्रिया देने के आरोप हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी रूप में आतंकवाद के समर्थन या उसे बढ़ावा देने जैसी गतिविधियों को गंभीर अपराध माना जाएगा।

### कोकीन तस्करी : दिल्ली, राजस्थान में ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को 82.53 किलोग्राम कोकीन की तस्करी के सिलसिले में दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान के जयपुर में पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी इन शहरों में कम से कम पांच ठिकानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी ले रही है। ईडी की कई टीमें स्थानीय पुलिस इकाइयों के साथ समन्वय में सुबह करीब सात बजे छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई भारत में उच्च-मूल्य वाली कोकीन की खेप भेजने के लिए ज़िम्मेदार एक संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क की चल रही जांच का हिस्सा है। ईडी की ये ताजा कार्रवाई हाल के महीनों में देश भर में कई हाई-प्रोफाइल मादक पदार्थों की रोकथाम के बीच हो रही है।

### सीबीआई : रिश्वत लेते ITDC के दो अफसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली स्थित इंडिया टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आईटीडीसी) के इंजीनियरिंग एवं वरिष्ठ प्रबंधक दिनेश महाजन और सहायक प्रबंधक सतीश कुमार को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया। सीबीआई के अनुसार, आरोप है कि उन्होंने लंबित बिलों को मंजूरी देने के लिए शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपये की रिश्वत ली। सीबीआई ने बताया कि एजेंसी ने इस मामले को 12 नवंबर को दर्ज किया था। शिकायत में कहा गया था कि सहायक प्रबंधक ने लंबित बिलों को मंजूरी देने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बातचीत के बाद 40 हजार रुपये पर सहमति बनी। सीबीआई ने उसी दिन जाल बिछाकर दोनों आरोपितों को रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपितों के खिलाफ जांच जारी है।

# राजधानी में टिके थे 23 विदेशी, डिटेंशन सेंटर भेजा

▶▶ आवश्यक कार्यवाही के बाद सभी को किया जाएगा डिपोर्ट

**एजेंसी । चंडीगढ़**

राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ द्वारका जिला पुलिस ने कड़ा कदम उठाते हुए अक्टूबर माह में 23 लोगों को हिरासत में लिया और उन्हें डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। आवश्यक कार्रवाई पूरी होने के बाद सभी को उनके मूल देशों में वापस भेजा जाएगा। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह के अनुसार, जिले में चलाए जा रहे निगरानी और तलाशी अभियान




के दौरान यह खुलासा हुआ कि नाइजीरिया, सेनेगल, आइवरी कोस्ट, तंज़ानिया और लाइबेरिया के नागरिक बिना वैध वीजा के रह रहे थे।

### 15 नागरिक नाइजीरियाई

पुलिस के मुताबिक, बिना कानूनी दस्तावेजों के रह रहे ऐसे लोग स्थानीय संसाधनों पर अतिरिक्त भार डालते हैं। पकड़े गए 23 लोगों में 15 नाइजीरियाई, 4 सेनेगल के, 2 आइवरी कोस्ट के, 1 तंज़ानिया और 1 लाइबेरिया का नागरिक शामिल है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध प्रवास पर रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी इसी कठोरता के साथ जारी रहेगा।

# बीबीसी ने ट्रंप से मांगी माफी, मुआवजा देने से इंकार

**लंदन।** पैनोरमा डॉक्यूमेंट्री में किए गए विवादित संपादन पर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से औपचारिक माफी मांग ली है, हालांकि ट्रंप पक्ष द्वारा मांगे गए भारी-भरकम मुआवजे को देने से संस्था ने साफ इनकार कर दिया है। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि बीबीसी के महानिदेशक टिम डेवी और बीबीसी न्यूज की प्रमुख डेबोरा टर्नेस को अपने पद छोड़ने पड़े। द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के वकीलों ने चेतावनी दी थी कि यदि बीबीसी ने माफी नहीं मांगी तो वे एक अरब डॉलर (लगभग 76 करोड़ पाउंड) के मुआवजे की मांग करेंगे। दबाव बढ़ने के बाद बीबीसी ने खेद जताया और विवादित पैनोरमा एपिसोड को दोबारा प्रसारित न करने पर सहमति दी। बीबीसी ने ट्रंप के कानूनी नोटिस का आधिकारिक जवाब भेज दिया है। बीबीसी अध्यक्ष समीर शाह ने व्हाइट हाउस को निजी पत्र में स्पष्ट लिखा है कि 6 जनवरी 2021 के ट्रंप भाषण की एडिटिंग पर बीबीसी को गहरा खेद है।




# बीएसएफ ने 24 घंटे में तीन पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए

### पंजाब बॉर्डर पर हेरोइन की खेप जब्त

**एजेंसी । चंडीगढ़**

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के ज़रिए बढ़ती तस्करी पर भारी प्रहार करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले 24 घंटों में लगातार तीन पाकिस्तानी ड्रोन को गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान जवानों ने 558 ग्राम हेरोइन भी बरामद की, जिसे सीमा पार से भारतीय इलाके में भेजने की कोशिश की जा रही थी। बीएसएफ के अनुसार, पहली घटना अमृतसर जिले के महावा गांव के पास दर्ज की गई, जहां कम ऊंचाई पर उड़ रहे डीजीआई मैविक 3 क्लासिक ड्रोन को त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने ट्रैक कर जमीन पर गिरा दिया। तलाशी अभियान में पूरा ड्रोन सेटअप सुरक्षित मिल गया। दूसरी कार्रवाई फिरोजपुर जिले के हबीबवाला क्षेत्र में हुई। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर सतर्क जवानों ने ड्रोन को निशाना बनाया।



### ड्रोन से हेरोइन तस्करी नाकाम

बाद में क्षेत्र की तलाशी में 558 ग्राम हेरोइन से भरा एक पैकेट बरामद हुआ, जिसे तस्कर ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में छोड़ने की कोशिश कर रहे थे। तीसरी घटना तरनतारन के मेहदीपुर गांव में रात के समय सामने आई, जहां ड्रोन की आवाज सुनते ही बीएसएफ ने उसे तुरंत निष्क्रिय कर दिया। तीन अलग-अलग सेक्टरों में लगातार हुई इन सफल कार्रवाइयों ने बीएसएफ की निगरानी व्यवस्था और प्रतिक्रिया क्षमता को एक बार फिर मजबूत तरीके से साबित किया है।

# पाकिस्तान से लौटा धार्मिक जत्था, पंजाब की महिला लापता



**एजेंसी । चंडीगढ़**

गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा पाकिस्तान भेजे गए भारतीय श्रद्धालुओं के जत्थे में शामिल एक महिला के लापता होने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। गुरुवार शाम जत्था भारत लौट आया, लेकिन कपूरथला की रहने वाली सरबजीत कौर वापस नहीं पहुंचीं। हर वर्ष गुरुपर्व और वैसाखी पर एसजीपीसी की ओर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को पाकिस्तान के गुरुधामों के दर्शन के लिए भेजा जाता है। इसी क्रम में 4 नवंबर को अटारी-वाघा बॉर्डर से 1932 भक्तों का जत्था दस दिन की यात्रा पर रवाना हुआ था। यात्रा के दौरान एक श्रद्धालु की मृत्यु भी हो गई, जबकि अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडग़ज सहित आठ लोग निजी कारणों से समय से पहले लौट आए। सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की गहन जांच कर रही हैं, खासकर इसलिए क्योंकि इससे पहले भी धार्मिक जत्थों में शामिल कुछ महिलाएं पाकिस्तान में लापता हो चुकी हैं।

### जत्थे की गिनती में हुई जानकारी

गुरुवार को जत्था वापसी के बाद जब 1922 श्रद्धालुओं की गिनती हुई, तो सरबजीत कौर की अनुपस्थिति का पता चला। इमिग्रेशन अधिकारियों ने तुरंत पंजाब पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गईं। सरबजीत कौर कपूरथला जिले के अमानीपुर, दक्का खाना टिब्बा गांव की रहने वाली बताई गई हैं।

### नहीं भरा था पासपोर्ट नंबर

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान में प्रवेश के समय सरबजीत कौर द्वारा भरे गए इमिग्रेशन फॉर्म में कई महत्वपूर्ण जानकारियां अधूरी छोड़ी गई थीं—जैसे राष्ट्रीयता और पासपोर्ट नंबर। इससे उनकी पहचान और लोकेशन की पुष्टि करने में अतिरिक्त कठिनाई पैदा हो गई है। पंजाब पुलिस शुक्रवार को उनके घर पहुंची, लेकिन परिजनों ने कोई स्पष्ट जानकारी देने से इंकार कर दिया। उधर विदेश मंत्रालय के जरिए पाकिस्तानी अधिकारियों को भी महिला के लापता होने की सूचना भेज दी गई है।

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे**

# तेज रफ्तार ने ली पांच की जान

▶▶ रतलाम में सुबह हुआ दर्दनाक हादसा, मृतकों में चार महाराष्ट्र के

**एजेंसी । चंडीगढ़**

रतलाम/भोपाल। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में शुक्रवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर पड़ी। दुर्घटना में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में महाराष्ट्र के चार और वडोदरा का एक युवक शामिल है। मृतकों में 15 वर्षीय किशोर से लेकर 60 वर्षीय बुजुर्ग तक शामिल हैं। पूरी घटना एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस के अनुसार सभी पांच लोग दिल्ली से मुंबई की ओर जा रहे थे। हादसा रावटी थाना क्षेत्र से लगभग 10 किलोमीटर दूर भीमपुरा गांव के पास माही नदी पर बने पुल के समीप हुआ। कार (एमएच 03 ईएल 1388) तेज रफ्तार में अचानक अनियंत्रित हुई और पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नीचे खाई में जा गिरी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और हाइवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सभी शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।




### 150 की स्पीड से दौड़ रही थी कार

थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गडरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान 15 वर्षीय दानिश पुत्र उस्मान चौधरी, 35 वर्षीय दुर्गेश प्रसाद (वडोदरा निवासी), मुंबई के रहने वाले गुलाम रसूल (60), उनके बेटे खलील और गुलाम पुत्र मोइनुद्दीन के रूप में हुई है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।एनएचएआई के डायरेक्टर संदीप पाटीदार के अनुसार, घटना स्थल से 10 फीट दूरी पर लगी स्पीड गन के डेटा से पता चला है कि कार लगभग 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। पुलिस इस मामले में आगे जांच कर रही है।

# ईडी ने अनिल अंबानी की ऑनलाइन उपस्थिति की मांग ठुकराई

### अंबानी की तरफ से किया गया था ई-मेल, दूसरी बार भी नहीं हुए पेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस एडीएजी समूह के चेयरमैन अनिल डी. अंबानी द्वारा पूछताछ में वर्चुअल रूप से शामिल होने के अनुरोध को खारिज कर दिया है। बुधवार को उन्हें फेमा से जुड़े मामले में बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया गया था, लेकिन वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हुए। सूत्रों के मुताबिक, ईडी के दिल्ली कार्यालय में दूसरी बार भी अंबानी हाजिर नहीं हो सके। एजेंसी ने स्पष्ट कर दिया कि पूछताछ केवल प्रत्यक्ष उपस्थिति में ही की जाएगी और वर्चुअल माध्यम स्वीकार्य नहीं है। अंबानी की ओर से ईमेल के जरिए ऑनलाइन पूछताछ की अनुमति मांगी गई थी, जिसे एजेंसी ने मंजूर नहीं किया।



### अनिल सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार

अंबानी (66) के प्रवक्ता ने कहा कि कारोबारी ने ईडी को लिखित रूप से भरोसा दिया है कि वह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से संबंधित जांच में पूर्ण सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि यह मामला धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) नहीं, बल्कि केवल फेमा जांच से जुड़ा है। प्रवक्ता ने दोहराया कि अनिल अंबानी वर्चुअल माध्यम से पूछताछ का हिस्सा बनने को तैयार हैं और एजेंसी के सभी सवालों का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**अवसान** | 1946 में हुई थी फिल्मी करियर की शुरुआत

# नहीं रही हिंदी सिनेमा की सदाबहार अभिनेत्री कामिनी कौशल

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई। । हिंदी सिनेमा की शुरुआती अभिनेत्रियों में से एक मशहूर अभिनेत्री कामिनी कौशल का उनके मुंबई स्थित घर में गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह 98 वर्ष की थीं। परिवार के एक करीबी मित्र साजन नारायण ने यह जानकारी दी और बताया, 'फरवरी में वह 99 वर्ष की होने वाली थीं।' बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने कामिनी कौशल की ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा किया और श्रद्धांजलि दी। आईफा अवॉर्ड्स ने भी एक्स पर पोस्ट किया, 'स्वर्णिम युग की महान अभिनेत्री कमिनी कौशल जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।' वहीं प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने 'एक्स' पर कहा, 'हम बहुमुखी कामिनी कौशल जी को श्रद्धांजलि देते हैं, जिनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने सात दशकों से अधिक के करियर में लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया।



### 76 साल का फिल्मी करियर

हिंदी सिनेमा की शुरुआती अभिनेत्रियों में से एक कामिनी कौशल के फिल्मी करियर की शुरुआत वर्ष 1946 में फिल्म नीचा नगर से हुई। 1960 में उन्होंने फिल्मों में मुख्य किरदार निभाने शुरू किए थे। कामिनी कौशल ने 2022 तक कई फिल्मों में अभिनय किया। 1940 के दशक के अंत और 1950 की शुरुआत में सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक कामिनी कौशल ने दिलीप कुमार, देव आनंद और राज कपूर की तिकड़ी के साथ अभिनय किया। कामिनी ने 95 वर्ष की आयु में आमिर खान की 2022 में आई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में काम किया था,जिसके साथ ही उन्होंने फिल्मों में 76 साल पूरे किए।

### लाहौर में हुआ था जन्म

कामिनी का जन्म 24 फरवरी, 1927 को लाहौर में हुआ था और उनका उस समय नाम उमा कश्यप था। कामिनी के पिता, शिव राम कश्यप को व्यापक रूप से भारतीय वनस्पति विज्ञान का जनक माना जाता है और वह विभाजन-पूर्व लाहौर में पंजाब विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में पढ़ाते थे। दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी कामिनी ने लाहौर के सरकारी कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

### चेतन आनंद ने दिया नाम कामिनी कौशल

कामिनी को उनके पारिवारिक मित्र और फिल्म निर्माता चेतन आनंद ने फिल्म में काम के लिए संपर्क किया था। फिल्म में कामिनी ने अभिनेता रफीक अनवर और आनंद की पत्नी उमा के साथ अभिनय किया था। चेतन आनंद ही थे, जिन्होंने फिल्म में काम कर रही दो उमा के बीच भ्रम से बचने के लिए उनका नाम कामिनी कौशल रखा था। फिल्म ने 1946 में कान फिल्म समारोह में 'ग्रां प्री डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' पुरस्कार जीता था।